


# तरुण छत्तीसगढ़





e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 20 | कोरबा, रविवार , दिनांक 19 अक्टूबर 2025 डाक 20 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


## कर्नाटक सरकार द्वारा शताब्दी मार्च की अनुमति न दिए जाने पर आरएसएस ने उच्च न्यायालय का किया रुख

**बेंगलुरू, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने चित्तपुर के तहसीलदार के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। तहसीलदार ने चित्तपुर कस्बे में आरएसएस को अपना शताब्दी जुलूस निकालने की इजाजत नहीं दी थी। यह चुनौती आरएसएस ने हाई कोर्ट की कलबुर्गी बेंच में दी है। शताब्दी मार्च रविवार के लिए निर्धारित था, लेकिन इससे पहले ही अधिकारियों ने चित्तपुर में भगवा झंडे, भगवा ध्वज, बैनर और झंडियां हटा दी थीं। इस घटनाक्रम ने गहरी दिलचस्पी पैदा कर दी है और अब सबकी निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी हैं। भाजपा नेताओं को उम्मीद है कि अदालत जुलूस की अनुमति दे देगी। चित्तपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ग्रामीण विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव विविधता मंत्री प्रियांक खड़गे करते हैं। उनके पत्र के बाद राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर निजी संगठनों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है।

तहसीलदार ने कानून-व्यवस्था की संभावित समस्या का हवाला देते हुए आरएसएस के जुलूस की अनुमति देने से इनकार कर दिया। हालांकि, आरएसएस ने अदालत में इस फैसले को चुनौती देते हुए तर्क दिया है कि जुलूस निकालने के उसके अधिकार को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। तहसीलदार नागय्या हिरेमठ ने बताया कि चित्तपुर थाने के पुलिस उपनिरीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि भीम आर्मी ने भी उसी मार्ग पर जुलूस निकालने की अनुमति मांगते हुए एक पत्र सौंपा था।

### कांग्रेस नेता अंबिका सोनी के पति उदय सोनी का निधन, खड़गे ने शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य अंबिका सोनी के पति उदय सोनी का निधन हो गया। उदय सोनी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के पूर्व अधिकारी थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक आधिकारिक पोस्ट के माध्यम से उनके निधन की खबर साझा की। खड़गे ने लिखा वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सीडब्ल्यूसी सदस्य श्रीमती अंबिका सोनी के पति उदय सोनी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। इस कठिन समय में अंबिका जी और उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। हम इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं।

## बच्चों की मौत के पीछे श्रीसन फार्मा का बड़ा फर्जीवाड़ा एसआईटी जांच में केमिकल एनालिस्ट ने खोले राज



**भोपाल, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

छिंदवाड़ा बच्चों की जान लेने वाले कोल्ड्रिफ कफ सिरप को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। एसआईटी की जांच में सामने आया कि इस जहरीले सिरप की कभी लैब टेस्टिंग हुई ही नहीं। यानी बिना टेस्टिंग के ही सिरप बाजार में पहुंचा और मरीजों को पिलाया गया।सूत्रों के अनुसार, श्रीसन फार्मा की केमिकल एनालिस्ट के. माहेश्वरी ने पूछताछ में माना है कि कंपनी में लैब टेस्टिंग की बेहतर सुविधा मौजूद नहीं थी। कुछ ही दवाओं की औपचारिक जांच होती थी, जबकि कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बिना परीक्षण सीधे बाजार में उतार दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि ड्रग डिपार्टमेंट ने भी कंपनी की रेगुलर जांच नहीं की। वहीं, आरोपी माहेश्वरी करीब 18 साल से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं और पिछले चार साल से श्रीसन फार्मा में पदस्थ थीं। एसआईटी ने जहरीला सिरप बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक रंगनाथन से भी पूछताछ की। जांच टीम उसे कुछ दिन पहले तमिलनाडु लेकर गई थी, जहां से साक्ष्य और दस्तावेज जुटाए गए। कल शाम टीम वापस लौटी। बताया जा रहा है कि देर रात तक रंगनाथन और माहेश्वरी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई।

### इस बार की दीपावली हर वर्ग के लिए लाएगी खुशहाली: एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को दीपावली के अवसर पर किसानों, महानगरपालिका कर्मचारियों और ठाणे की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस बार की दीपावली हर वर्ग के लिए खुशहाली लाएगी, क्योंकि सरकार ने किसानों और कर्मचारियों के हित में कई कदम उठाए हैं। शिंदे ने आगे कहा कि जनता उन लोगों को सबक सिखाएगी जो शिवसेना के मूल्यों और आनंद दिघे जैसे नेताओं का अपमान करते हैं। शिंदे ने कहा, कुछ जगहों पर खुशी का माहौल है, तो कुछ जगहों पर विपदा की स्थिति है।

## जल्दी करो, एयर चाइना की फ्लाइट के केबिन में लगी आग, यात्रियों में मचा हाहाकार



**सियोल, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हांग्जो से सियोल जा रही एयर चाइना की एक फ्लाइट की शनिवार को शंघाई में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट के केबिन के अंदर लीथियम बैटरी में आग लग गई।सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में, एयर चाइना ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 18 अक्टूबर को, हांग्जो से इंचियोन जा रही फ्लाइट सी139 में, ओवरहेड कम्पार्टमेंट में रखे एक यात्री के कैरी-ऑन सामान में लिथियम बैटरी में अचानक आग लग गई। एयरलाइन ने कहा कि क्रू ने हालात को कंट्रोल करने के लिए तेजी से काम किया और कोई घायल नहीं हुआ। एयर चाइना ने आगे कहा, फ्लाइट की सुरक्षा पक्का करने के लिए, प्लेन को शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बिना किसी प्लान के लैंडिंग करनी पड़ी।

## दीपावली से पहले दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा अक्षरधाम के पास एक्यूआई पहुंचा 400 के पार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर में दीपावली से पहले प्रदूषित हवा दम घोंट रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में 282 और इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 269 रिकॉर्ड किया गया। राजधानी स्थित आईटीओ के आसपास आज सुबह एक्यूआई 284 दर्ज किया गया है, जो खराब श्रेणी में है। वहीं, बारापुला में खराब श्रेणी में एक्यूआई 290 दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के पास एक्यूआई 426 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में है। प्रदूषण पर काबू पाने के लिए इंडिया गेट के पास पानी की फुहारों का झिड़काव किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली से सटा गाजियाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित है। लगातार तीसरे दिन शनिवार को शहर की हवा देश में सबसे प्रदूषित रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में 324 दर्ज किया गया।अगले तीन दिन छाया रहेगा हल्का कोहरा, विजिबिलिटी होगी कम दिल्ली में अब ठंडक का कुछ असर दिखने लगा है। शनिवार को छायी हल्की धुंध ने सूरज की तेजी को कम कर दिया। हालांकि इसके चलते वायु प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ा। इसके चलते अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक था।वहीं न्यूनतम पारा 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह भी सामान्य से 1.20 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। हालांकि मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक सुबह धुंध या हल्का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।






## जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत कटसिरा**
विमला कंवर
सरपंच
गिरीशचंद्र कश्यप
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत दर्री**
फगुनिया बाई विंध्यराज
सरपंच
राजेंद्र प्रसाद मनहर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत छिंदपुर**
सकुंती कंवर
सरपंच
महेन्द्र कुमार राठौर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत नवापारा**
ओमप्रकाश कंवर
सरपंच
मघन सिंह कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत बिरदा**
शकुंतला कंवर
सरपंच
गिरीशचंद्र कश्यप
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत केसला**
बुधवार सिंह कंवर
सरपंच
दीपक कुमार भारद्वाज
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत सलोरा ( ख )**
पूर्णिमा कंवर
सरपंच
भुवनलाल राजवाड़े
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत अखरापाली**
बरन सिंह बिंझवार
सरपंच
राजेंद्र प्रसाद मनहर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत रलिया**
विष्णु कुमार बिंझवार
सरपंच
जयपाल सिंह कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत बेलटिकरी**
गौरीबाई कंवर
सरपंच
पुष्पलता उइके
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत डोंगरी**
भगवती कंवर
सरपंच
सजन सिंह कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत कोलिहामुड़ा**
उर्मिला बाई पैकरा
सरपंच
सविता कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत मोहनपुर**
जागेश्वर सिंह
सरपंच
रहीम अली
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत राल**
लक्ष्मीन कंवर
सरपंच
छत्रपाल सिंह
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत तेलसरा**
इंदु तंवर
सरपंच
लता पटेल
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत पोंसरा**
बसंती एक्का
सरपंच
जवाहर लाल यादव
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत ढेलवाडीह**
कौशिल्या कंवर
सरपंच
पवन कुमार गुप्ता
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत जेंजरा**
बजरंग सिंह बिंझवार
सरपंच
जवाहर लाल यादव
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत हुंकरा**
गनेश्वरी कंवर
सरपंच
सुकलाल चौहान
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत छुरीखुर्द**
लखनलाल भरिया
सरपंच
भूषण सिंह
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत सलोरा ( क )**
उमेश कुमार
सरपंच
भरत लाल
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत धनरास**
लक्ष्मीकांत
सरपंच
सविता कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत देवरी**
शिवलाल कंवर
सरपंच
रजनी सूर्यवंशी
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत चाकाबुड़ा**
उमादेवी गोंड़
सरपंच
पंचम सिंह पाटले
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत कसाईपाली**
ललितेश विंध्यराज
सरपंच
रजनी सूर्यवंशी
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत कनबेरी**
शत्रुघ्न सिंह
सरपंच
धरम भारद्वाज
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत पंडरीपानी**
छतनबाई कंवर
सरपंच
रामेश्वरी साहू
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत जपेली**
प्रेमबाई
सरपंच
धरम भारद्वाज
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत रंगबेल**
घनश्याम सिंह कंवर
सरपंच
ज्ञानसिंह कंवर
सचिव
विकासखंड कटघोरा

**ग्राम पंचायत पोड़ीकला**
सुनीता जगत पाल आयम
सरपंच
जगतपाल राज
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत अमझर ( प. )**
रामकली
सरपंच
धनंजय साहू
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत लैंगी**
गायत्री मरकाम
सरपंच
धनकुंवर
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत कुम्हारीसानी**
हिरोदिया कोर्चे
सरपंच
चंदसाय
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत पसान**
सुरेंद्र तिग्गा
सरपंच
जितेंद्र कुमार
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत कर्री**
रामायण सिंह आर्मो, सरपंच
रनसाय
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत चन्द्रौटी**
गीता मरकाम
सरपंच
जयसिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत सेमरा**
तुलसी बाई
सरपंच
होरीसिंह कंवर
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत सैला**
ज्योति
सरपंच
चंदसाय
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत लैंगा**
सतकला श्याम
सरपंच
सुरेश खुंटे
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत रामपुर ( लैंगा )**
प्रताप सिंह मरावी
सरपंच
विरेंद्र कुमार साहू
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत बैरा**
सहदेव आर्मो
सरपंच
बजरंग सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत सिर्री**
अनिता मरकाम
सरपंच
जगतपाल जगत
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत कुम्हारीदर्री**
राधाबाई पुहूप
सरपंच
राजेंद्र जायसवाल
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत पिपरिया**
अनिता मरावी
सरपंच
राजेंद्र जायसवाल
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत कोडगार**
सोनमती ओरकेरा
सरपंच
अशोक कुमार
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत जल्के**
फूलेश्वरी नरेंद्र राज
सरपंच
जितेन्द्र कुमार
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत पनगंवा**
धरमपाल सिंह मरकाम,सरपंच
राजकुमार रजक
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत सरमा**
शिवकुमार उइके, सरपंच
शेर सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत तनेरा**
प्रमीला
सरपंच
दलभजन सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत पुटीपखना**
चंद्रप्रताप सिंह पोर्ते,सरपंच
मोहन सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत सेन्हा**
गीता मार्को
सरपंच
भंवर सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत रोदे**
सुशीला कंवर
सरपंच
पवन सिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत बूढ़ापारा**
युवराज सिंह
सरपंच
रामसेवक राठौर
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत कुल्हरिया**
सोनकुंवर उइके
सरपंच
धरम सिंह कंवर
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत अमलीकुंडा**
सोनिया श्याम
सरपंच
जयसिंह
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

**ग्राम पंचायत नवापारा**
मालती बाई मरकाम, सरपंच
रमेश्वर राजवाड़े
सचिव
विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा

# ईंट से बंधा महिला का शव मिला तालाब में, जांच कर रही पुलिस

**जांजगीर।** पुटपुरा के नवा तालाब में शनिवार सुबह महिला का शव मिला। मृतका की पहचान 48 वर्षीय सरस्वती राठौर के रूप में हुई है। महिला के गले में ईंट बंधी थी। गुरुवार को पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। शुक्रवार को महिला लापता हो गई थी। तीसरे दिन शनिवार को शव तालाब में मिला है। शार्ट पीएम में हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुटपुरा निवासी सरस्वती राठौर शुक्रवार रात से लापता थी। पति भरतलाल राठौर ने रात करीब 8 बजे थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भरतलाल ने पूछताछ में बताया था कि गुरुवार की रात पत्नी से झगड़ा हुआ था। शुक्रवार सुबह जब भरतलाल की नींद खुली, तो पत्नी कमरे में नहीं थी। उसने आसपास तलाश की, लेकिन पत्नी का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद वह थाने पहुंचा। वहीं शनिवार सुबह करीब 7 बजे गांव की महिला तालाब के पास से गुजर रही थी। उसने पानी में शव देखा। महिला ने इसकी सूचना तुरंत ग्रामीणों को दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव तालाब से निकाला गया। मृतका महिला।



पति संदेह के घेरे में शव तालाब से निकाला, तो महिला के गले में ईंट बंधी थी। वहीं शरीर पर चोट के निशान थे। फोरेंसिक टीम भी पहुंची। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस का संदेह पति पर है। पड़ोसियों ने बताया सरस्वती के दो बेटे हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। एक जम्मू में तो दूसरा गांव में मां-पिता से अलग रहता है। सरस्वती का पति उससे झगड़ा करता था। कई बार उसे पीटा गया। जिस तालाब में शव मिला है, वह मृतका के घर से ज्यादा दूर नहीं है। शव को ईंट, कपड़े व रस्सी से बांधकर तालाब में डाला गया था, लेकिन शव सतह पर आ गया।

## रेलिंग तोड़ गिट्टी लोड ट्रैक्टर पुल पर अटका, बचे चालक-हेल्पर

**जांजगीर।** शनिवार सुबह चांपा-जांजगीर मार्ग पर बने गेमन पुल पर बड़ा हादसा टल गया। गिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गया और उसका इंजन का हिस्सा नीचे की ओर लटक गया। ट्रैक्टर का आधा हिस्सा हवा में रहा, जबकि पिछला पुल के किनारे फंस गया। हादसे के वक्त ट्रैक्टर में ड्राइवर के साथ एक हेल्पर भी सवार था। दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना पर पुलिस पहुंची। क्रेन मंगवा ट्रैक्टर के इंजन के हिस्से को बाहर निकाला। यह नजारा देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर में गिट्टी का वजन अधिक था और संतुलन बिगड़ गया। जिससे यह हादसा हुआ।



**बाराद्वार।** दीपावली पर्व की रौनक दिखाई देने लगी है। शनिवार को धनतेरस के अवसर पर युवतियों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपने घरों के सामने और आंगनों में रंग-बिरंगी रंगोलियां सजाईं।

## दीपावली त्यौहार पर महाराज विनोद ज्वेलर्स पर ग्राहकों का भीड़



**चांपा।** जब जब त्यौहार का सीजन आता है तब तब महाराज विनोद ज्वेलर्स की ओर ग्राहक स्वाभाविक रूप से खींचे चले जाते हैं यह आकर्षण कोई प्रचार प्रसार के माध्यम से नहीं अपितु महाराज विनोद तिवारी की दुकान महाराज ज्वेलर्स की गुणवत्ता एवं विश्वसनीय के कारण ग्राहक स्वमेव चले आते हैं यही कारण है कि त्योहारों में विशेष कर इस दुकान में रौनक रहती है।

चांपा के सेंट्रल बैंक के सामने सदर बाजार में संचालित इस दुकान में धनतेरस त्योहार के दिन भी ग्राहकों का अच्छा भीड़ रहा है वही इसके पूर्व भी सोनी एवं चांदी के खरीदी करने के लिए ग्राहक बड़े ही विश्वास के साथ इस दुकान में पधारते रहते हैं। दीपावली के इस त्यौहार पर महाराज विनोद ज्वेलर्स में ग्राहकों की अच्छी भीड़ होने के कारण व्यावसायिक स्तर में उछाल देखने को मिला यहां लोग पधार कर सोने के विभिन्न आभूषण के अलावा चांदी के बर्तन के साथ-साथ आभूषण की खरीदी कर रहे हैं जिससे बाजार में एक उछाल देखी जा रही है। महाराज विनोद ज्वेलर्स में आने का विशेष कारण ग्राहक यही बता रहे हैं कि लंबे समय से इस दुकान में खरीदी करने के बाद भी आज तक ग्राहकों को किसी भी प्रकार का कोई शिकायत करने का मौका ज्वेलर्स से नहीं मिला। यही कारण है कि लोग इस दुकान की विश्वसनीय एवं सामानों की गुणवत्ता को लेकर यहां पधारते हैं। धनतेरस त्यौहार के दिन सोने चांदी के आभूषणों की खरीदी करने के साथ-साथ यहां लोग चांदी के सिक्कों का बहुतायत संख्या में खरीदी भी किए हैं जिससे दुकान की विश्वसनीय और दूर-दूर तक जाने लगी है। उधर महाराज विनोद ज्वेलर्स के संचालक का कहना है कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी कमाई है बाजार भाव के अनुसार गुणवत्ता के अनुकूल समान बेचना हमारी प्राथमिकता में है।

## भाई दूज पर 23 को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर।** सभी शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 21 अक्टूबर को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित कर भाई दूज (दीपावली) पर्व के दिन गुरुवार 23 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंको, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

## अग्निवीरः युवाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण

**जांजगीर।** जनवरी 2025 में धमतरी में आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए सक्ती जिले के 477 युवा सीईई परीक्षा में सफल हुए हैं। भर्ती में युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक युवा 30 अक्टूबर तक अपना पंजीयन आधार कार्ड व प्रवेश पत्र की छायाप्रति के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, जांजगीर-चांपा में कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण चयन प्रक्रिया में सफल होने की संभावना बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जाएगा।

## छात्रों की मेहनतः विज्ञान मेला में सभी मॉडल जिला स्तर पर चयनित



**जांजगीर।** विज्ञान मेला प्रदर्शनी में माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के छात्रों और शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों ने विज्ञान विषय पर आधारित मॉडल एवं प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया, जिनमें झालरौंदा विद्यालय द्वारा निर्मित तीन चलित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छात्र साहिल यादव, मुस्कान बंजारे, एशिका आदिले, कविता चन्द्रा, गुरमीत आदिले और संध्या सांडे के मॉडलों को अधिकारियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया। इन सभी मॉडलों में नवीनता, तकनीकी दक्षता और उपयोगिता का अनूठा संगम देखा गया। विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा एवं चंचल चन्द्रा ने उत्कृष्ट शैक्षिक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विज्ञान सेमिनार में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति की अधिकारियों ने विशेष सराहना की। उनकी प्रस्तुति भी जिला स्तर पर चयनित की गई है। इस सफलता से पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही, विद्यालय में 15 अक्टूबर को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जयंती के अवसर पर रोबोटिक्स मॉडल की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## हरि लीला ट्रस्ट का सफलता संकल्प उत्सव 2025 भव्य रूप से संपन्न

**जांजगीर नैला।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी (जांजगीर-नैला) द्वारा आयोजित 'सफलता संकल्प उत्सव 2025' का भव्य समापन ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के मार्गदर्शन में अपार सफलता के साथ हुआ। इस आयोजन में इतिहास रचा गया जिसके तहत् पहली बार 800 से अधिक प्रतिभाओं को एक ही मंच से सम्मानित किया गया। आयोजन में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे अभूतपूर्व बना दिया। कार्यक्रम के मंच से सभी अतिथियों ने हरि लीला ट्रस्ट की परंपरा, दृष्टिकोण और आयोजन के स्वरूप की जमकर सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह, नारायण चंदेल, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, गुलाब सिंह चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर रेखा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया, चांपा नगर पालिका प्रदीप नामदेव, इंजी. रवि पाण्डेय सहित अन्य अतिथि व गणमान्यजन मौजूद थे।

**हर पल सिखने की जिज्ञासा होनी चाहिए- लीलाधर सुल्तानिया**

हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया जी के जन्मदिवस 16 अक्टूबर के अवसर पर प्रेरणा सेवा और सम्मान की परंपरा है जिसके तहत जरूरतमंदो के विशेष सहयोग के लिए हर साल विशेष आयोजन कराये जाते है साथ ही युवाओं और छात्रों को भविश्य की नई दिशा प्रदान करने कैरियर मेला और मोटिवेशनल आयोजन भी होते है ।

इस बार भी इसी तारतम्य में इस बार भी सफलता संकल्प उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रदेषो के विश्वविद्यालय, कालेज और इंस्टीटयूट के विशय विषेशज्ञो ने युवाओं का मार्गदर्षन किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में अवसर आता है जो अवसर का सदउपयोग करता है वही सफलता की



ऊचाईया छूता है साथ ही कहा कि सीखने की कोई उम्र नही होती है हर पल सीखने की ललक उम्मीदों का जिंदा रखती हैं।

इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली बलौदा विकासखंड के शा. हायर. सेकेण्डरी स्कूल पंतोरा की छात्रा खुशी देवांगन को ?21,000 नगद, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

स्काउड गाइड, गौ सेवा समिति, लायंस क्लब जांजगीर, खिलाड़ी - कु. शिक्षा दिनकर, कु. मंदाकनी श्रीवास, शैलेन्द्र कहरा, निहाल पाण्डेय, प्रशांत कहरा, राज्यपालः- रमाकांत पाण्डेय, राजेन्द्र जायसवाल, एम.एल. कौशिक, हरप्रसाद पाटले, घनश्याम प्रसाद देवांगन, जयंती दुबे, सुरेन्द्र कुमार सोनी, बोधीराम साहू, देवकुमार सूर्यवंशी, कृष्ण कुमार कश्यप, नरेन्द्र कुमार लहरे, अर्चना शर्मा, अनुराग तिवारी, राजेश सूर्यवंशी, दिनेश रोहित चतुर्वेदी, कामता प्रसाद सिंह, अमृत लाल साहू, प्रतिक्षा सिंह, जेइई, नीट, सीए, सीएस. इसरो, पीएससी, एस.आई. के चयनित सम्मानित हुए।

अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने कहा कि यह आयोजन केवल सम्मान का मंच नहीं, बल्कि समाज में मेहनत, संकल्प और सफलता की चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने सभी अतिथियों, गुरूजनों, छात्रों, विद्यालय प्रबंधनो, पालकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और आगामी वर्ष में इसे और व्यापक स्वरूप देने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर हरिलीला ट्रस्ट की ओर से मनीश तिवारी, मुकेष भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, सुनील पाण्डे, साकेत तिवारी, सुधीर झाझड़िया, रामेश्वर पटेल, मणिकांत अग्रवाल, वृन्दावन सिंह (रामलल्ला) विरेन्द्र सिंह, विवेक सिंह, राजेन्द्र साहू, कमल राठौर, अविनाश द्विवेदी, सागर राठौर, रोहित कुलदीप, रवि पाण्डेय, रमेश सोनवानी, धीरज तिवारी, संदीप पाण्डेय, संतोष राठौर, हितेश साहू, डिगेश मनहर, भोजराम साहू, इन्द्र कुमार कश्यप, ईष्वर चन्द्रा, प्रितम दास, समीर माथुर, संदीप माथुर, आयुश सिंह, उमेष राठौर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, पंकज कहरा, अमित यादव, राकेष रूपवानी, रघुनंदन कश्यप, दिनेश राठौर, सुनील कश्यप, गोलू दुबे, छत्रपाल विजय, हरि सोनवानी, संजीता माली, प्रतीमा डाहरे, उमा सोनी, दुलोरिन चौरसिया, संतोशी दुबे, देवानंद गढ़ेवाल, छबि कष्यप, सोनू यादव, अमन यादव, अनिल जाटवर, प्रांशु राठौर, बादल बजाज, पिंकु राठौर, दिपक सिंघानिया, विक्रांत अग्रवाल, पियुष सराफ, अखिल बंसल, आकाश सिंघानिया, निकुंज भोपालपुरिया, संतोष जब्बल, गौतम यादव, विक्रांत बघेल मौजूद थे।

## धान खरीदी में सूखत के प्रावधान की मांग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे समिति के कर्मचारी

**जांजगीर चांपा।** धान खरीदी में सूखत का प्रावधान करने सहित अन्य मांगों को लेकर जिले के समिति कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की आउट सोर्सिंग से भर्ती और अफसरों को बिना शर्त और जिम्मेदारी तय किए धान खरीदी प्रभारी बनाने का विरोध किया जाएगा। सहकारी समिति कर्मचारियों की रविवार को रायपुर में बैठक हुई। कई जिले से समिति कर्मचारी शामिल रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की संयुक्त बैठक की गई। 2 वर्षों में खरीदी केन्द्रों में जो सूखत आया इस पर चर्चा की गई। वर्ष 2025-26 में होने वाली धान खरीदी में सुखत का प्रावधान, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की आउट सोर्सिंग से भर्ती का विरोध किया जाएगा। राज्य सरकार ने समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी की जाएगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा की गई है।

**दीपावली त्योहार के बाद आंदोलन करने का निर्णय**

समिति कर्मचारियों ने बताया कि 24 अक्टूबर को जिला स्तर पर रैली निकाली जाएगी। समिति कर्मचारी प्रशासन को अपनी मांग और समस्याओं से संबधित ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं 28 को प्रदेश स्तर पर रैली निकाली जाएगी और ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर 3 नवंबर से संभाग स्तरीय आनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। 12 नवंबर से प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण मंडल में 13 पदों पर केमिस्ट की होगी भर्ती

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रसायनज्ञ (केमिस्ट) के 13 पदों पर भर्ती होगी। व्यापमं से परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 14 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इस पद के लिए शैक्षणिक अर्हता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से जीवविज्ञान/ पर्यावरण विज्ञान/ वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र भौतिक शास्त्र, विषय में स्नातक उपाधि है। 11 जनवरी 2026 को व्यापमं से परीक्षा होगी। नए साल में व्यापमं की यह पहली परीक्षा होगी। पांच संभागीय मुख्यालयों में एग्जाम सेंटर बनाए जाएंगे। परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी। इसमें सामान्य अध्ययन से 15 अंक व छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान से 10 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, केमिस्ट्री, फिजिक्स और बायोलॉजी प्रत्येक से 15-15 अंक के सवाल किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट जारी की गई है।

आवेदन 22 तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में केमिस्ट के 12 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 22 अक्टूबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। 21 दिसंबर को व्यापमं से परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस पद के लिए एक विषय के रूप में केमिस्ट्री के साथ बीएससी पास होना जरूरी है। इसी तरह आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 350 रुपए, ओबीसी 250, एससी-एसटी व दिव्यांग के लिए 200 रुपए है।

## धनतेरस पर बाजार गुलजार, देर शाम तक रही ग्राहकों की भीड़



**बाराद्वार।** दीपावली पर्व को लेकर बाराद्वार नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने बाजार पहुंचे। शनिवार को धनतेरस के अवसर पर नगर का मुख्य बाजार सोने-चांदी की ज्वेलरी, फटाखे, बर्तन, कपड़े, कास्मेटिक, बाइक, बूट हाउस, रंगोली, सजावटी सामान, लाइट, झालर, किराना, मिठाई, रंग-रोगन और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की दुकानों से गुलजार रहा।

मां काली मंदिर के बगल मैदान में अस्थायी रूप से लगी पटाखा दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। हर वर्ग के लोगों, विशेषकर गृहिणियों ने शुभ मुहूर्त में खरीदारी को शुभ मानते हुए दिनभर बाजार में सक्रियता दिखाई। व्यापारियों ने इस बार दिवाली की खरीदारी को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के सामानों की विस्तृत रेंज मंगाई है। उन्हें उम्मीद है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बिक्री अच्छी होगी। वार्ड क्रमांक 1 एवं जैजैपुर चौक में कुम्हारों द्वारा सजाई गई मिट्टी के दीयों, खिलौनों और गुल्लकों की दुकानों ने भी ग्राहकों को खूब आकर्षित किया। मिट्टी से बने रंग-बिरंगे दीयों और पारंपरिक खिलौनों की बिक्री जोरों पर है।

धनतेरस के दिन सुबह से देर रात तक नगर का बाजार भीड़ से गुलजार रहा। आसपास के गांवों से भी लोग खरीदारी के लिए पहुंचे, जिससे बाजार में उत्सव का माहौल बना रहा। दुकानदारों ने बताया कि इस बार त्योहार का रुझान उत्साहजनक है और ग्राहकों की संख्या व खरीदारी से वे संतुष्ट हैं। दीपावली से पहले की यह चहल-पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी सकारात्मक संकेत लेकर आई है।

## ग्राम जर्वे में दीपावली के अवसर पर 24 अक्टूबर को होगा जगराता

**बाराद्वार।** दीपावली पर ग्राम पंचायत जर्वे में 24 अक्टूबर की रात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जगराता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक पद के प्रत्याशी भीम कुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक लोक कला मंच द्वारा अर्पण नामक विशेष सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत की गई।

आयोजन स्थल पर पहले लक्ष्मी माता की मूर्ति की विधिवत पूजन की गई, जिसके बाद रात्रि 8 बजे से रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक किशन सेन और गायिका पुष्पा भारती ने अपनी मधुर आवाज में भजनों और सांस्कृतिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए और देर रात तक भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। भीम कुमार पटेल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामवासियों के बीच भाईचारा, संस्कृति और श्रद्धा का भाव जागृत करना है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और आयोजकों का आभार प्रकट किया।

## छात्रों ने देश राग महोत्सव में दिखाई अपनी प्रतिभा

**चांपा।** भिलाई में 6 से 12 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय देश राग सांस्कृतिक महोत्सव में दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर-चांपा के विद्यार्थियों ने अपनी कला, संगीत और सृजनशीलता से सबका दिल जीत लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया। जूनियर ग्रुप उपशास्त्रीय गायन में सुयश महंत ने प्रथम, जयेश जागृति ने द्वितीय, आर्यवीर सिंह और अनिमेष सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देशभक्ति गीत में चैतन्य सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर सभी को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। सीनियर ग्रुप एकल नृत्य में प्राची मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी भावनात्मक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य में श्रुति राजवाड़े ने प्रथम स्थान हासिल कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छाप छोड़ी। वहीं सीनियर ग्रुप लोकनृत्य में दिव्यंका, भूमि श्री और चेल्सी जीत राय की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जांजगीर।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर और सीबीएसई की सहयोगी संस्था ज्योतिर्मय सहोदय समूह के संयुक्त तत्वावधान में अंतरविद्यालयीन प्रश्नमंच (क्विज) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षणिक समन्वय, सौहार्द और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना था। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में क्षेत्र के 11 प्रमुख विद्यालयों के 32 प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागी विद्यालयों में ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर, लोटस पब्लिक स्कूल जांजगीर, जय भारत स्कूल बलौदा, संस्कार सेंट्रल स्कूल सक्ति, एलबीएस ग्लोबल स्कूल बलोदा, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, नुवोको पब्लिक स्कूल गोपाल नगर, लायंस डीएवी स्कूल अकलतरा सहित अन्य स्कूल शामिल थे। साथ ही प्रभारी शिक्षकों एवं प्राचार्यों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में सभी प्रतिभागियों को करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, विज्ञान और गणित विषयों पर आधारित 50 अंकों की लिखित परीक्षा देनी थी। इसके पश्चात श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छह विद्यालयों की टीमों को मौखिक प्रश्न मंच के द्वितीय चरण में प्रवेश मिला। दूसरे चरण में आयोजित बजर राउंड, ऑडियो-वीडियो राउंड, फास्ट एंड फोकस्ड राउंड और फाइनल राउंड में प्रतिभागियों की त्वरित सोच, स्मरणशक्ति और प्रस्तुति कौशल की परीक्षा ली गई। इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में एचजीएम जय भारत स्कूल जांजगीर की टीम- योगेश




राज, रणवीर सिंह राठौर और अनुप्रिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के शौर्य दास, आदर्श सिंह राठौर और ऋषिक मिश्रा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं, लायंस डीएवी स्कूल अकलतरा के अंकित कुमार सिंह, अन्वी तिवारी और तितिक्षा साहू की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह की मुख्य वक्ता, ज्योतिर्मय सहोदय समूह की सचिव सोनाली सिंह ने गुरुकुल स्कूल द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा, यह आयोजन बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए प्रेरक साबित हुआ है।

गुरुकुल स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में स्पर्धा आवश्यक है। विपरीत परिस्थितियों में भी जो हार नहीं मानता, वही सच्चा विजेता होता है।कार्यक्रम में शिक्षकों, प्राचार्यों, अभिभावकों और छात्रों की उपस्थिति रही। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित सतीश कुमार अग्रवाल, दीपक राठौर, विजय कुमार अग्रवाल, पुष्कर, विकास, निखिल, आयुष अग्रवाल, अनुश्री राठौर ने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं प्रशासनिक सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नरसिम्हा राठौर का निधन

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर चांपा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नरसिम्हा ऑटो पार्ट्स के संचालक नरसिम्हा राठौर उर्फ प्रभात राठौर का कल शनिवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिन से शारीरिक रूप से अस्वस्थ थे । वह एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार बिलखते हुए छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्ति धाम जांजगीर में किया गया जहां सामाजिक लोगों के साथ-साथ विभिन्न समाज के लोग बहुतायत संख्या में उपस्थित है। उनके शव को उनके सुपुत्र कान्हा राठौर द्वारा मुखाग्नि दी गई।



## अनमोल वचन......

जो हम खुशी से सीखते हैं उसे हम कभी नहीं भूलते- अल्फ्रेड मर्सिएर

# विकल्प और भी हैं!

भारत की असल चिंता यह है कि सितंबर में साल भर पहले की तुलना में सेवा क्षेत्र के निर्यात में 5.5 प्रतिशत की कमी आई। जबकि सेवा क्षेत्र ने वस्तु व्यापार में घाटे को काफी हद तक संभाले रखा है। डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर का असर सितंबर में पड़ा। अमेरिका के लिए भारत के निर्यात में लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बावजूद भारत का कुल निर्यात सितंबर 2024 की तुलना में 6.74 प्रतिशत बढ़ा। स्पष्टतः अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच घटने की भरपाई दूसरे बाजारों ने की। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इनमें चीन और यूएई की अहम भूमिका रही। चीन के लिए भारत का निर्यात 34 फीसदी, जबकि यूएई के लिए 24 फीसदी बढ़ा। चूंकि चीन से आयात में 16 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई, तो कुल मिला कर चीन से भारत के व्यापार घाटे की खाई कुछ पटी। मगर यूएई से व्यापार घाटा बढ़ गया, क्योंकि वहां से आयात 33 फीसदी बढ़ा। इसमें सबसे बड़ा योगदान सोने का रहा, जिसकी महंगाई का बोझ आयात बिल पर महसूस हुआ। इसी तरह ऐसा लगता है कि मुक्त व्यापार समझौते का अधिक लाभ ब्रिटेन को हो रहा है, जिससे आयात में 54 फीसदी का इजाफा हुआ। ब्रिटेन के लिए भारतीय निर्यात में महज 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। वैसे भारत की असल चिंता यह है कि सितंबर में साल भर पहले की तुलना में सेवा क्षेत्र के निर्यात में 5.5 प्रतिशत की कमी आई। जबकि सेवा क्षेत्र ने वस्तु व्यापार में घाटे को काफी हद तक संभाले रखा है। इसमें गिरावट आगे भी जारी रही, तो भारत की व्यापारिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसा होने की आशंका इसलिए है, क्योंकि आर्टफिशियल इंटेलीजेंस के बढ़ते उपयोग का परिणाम सेवा क्षेत्र के निर्यात पर पड़ने की चर्चा आम है।

इसके मद्देनजर यह उचित होगा कि भारत इसकी भरपाई वस्तु निर्यात से करने की रणनीति बनाए। सितंबर में संकेत यह मिला कि अमेरिकी बाजार भले भारत के लिए महत्त्वपूर्ण हो, लेकिन वहां होने वाले नुकसान की भरपाई की गुंजाइशें भी मौजूद हैं। इस लिहाज से जो बाजार भारत के काम आ सकते हैं, उन देशों से आर्थिक संबंधों को मजबूती देना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। यह दीगर है कि भारत सरकार की प्राथमिकता अभी तक उन विकसित बाजारों से जुड़ने की रही है, जहां पांव पसारने की ज्यादा संभावना नहीं है।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

मीन राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# इसलिए बिहार ज़रूरी है नरेंद्र भाई के लिए

//पंकज शर्मा//

**2026 में होने वाले पांच प्रदेशों के चुनाव नतीजों का 2027 में होने वाले छह राज्यों पर इसलिए चक्रवृद्धि ब्याज जैसा असर पड़ेगा कि तब फरवरी के मध्य से साल के अंत तक गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोआ में चुनाव होंगे। दिसंबर में गुजरात के चुनाव आने से पहले साल की पहली छमाही में ही बाकी पांच राज्यों के चुनाव निपट चुके होंगे और इन में से तीन के परिणाम गुजरात का भविष्य भी लिखने का काम करेंगे। तक़रीबन एक महीने बाद नवंबर में बिहार विधानसभा के चुनाव हो जाने के बाद, 2029 में अगले लोकसभा चुनाव होने तक, देश के 21 प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव होंगे और 4 राज्य ऐसे होंगे, जिन की विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा-चुनाव के साथ कराए जाएंगे। यानी कुल 25 राज्य चुनावों में जाएंगे। बिहार के इस चुनाव से सामने आने वाली प्रतिपक्ष की स्थिति 2028 के आख़ीर तक होने वाले 21 प्रदेश-चुनावों के नतीजों की शक्ल को आकार देगी। इन के चुनाव परिणाम तय करेंगे कि 2029 की लोकसभा में मौजूदा विपक्ष किस हालत में होगा।**

बिहार में अगले महीने अगर भारतीय जनता पार्टी और यूनाइटेड जनता दल सत्ता से बाहर हो गया और राश्ट्रीय जनता दल के साथ कांग्रेस की सरकार बन गई तो भारतीय राजनीति के भावी आसमान का रंग क्या होगा। और, अगर ऐसा नहीं हुआ तो सियासत के राश्ट्रव्यापी फलक पर कौन-सी इबारत लिखी होगी। इस उधेड़बुन से बाहर आने का रास्ता इसलिए आसान नहीं है कि बिहार की ख्याति भले ही देश की राजनीति को नया मोड़ देने वाले प्रदेश की रही है, मगर अब वह खुद ही गड्डमड्ड और दिग्भ्रम में गोता खाता दिखाई देने लगा है।

बिहार-चुनाव के बाद अगले साल 2026 में पांच प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होंगे। अप्रैल के मध्य से ले कर जून की शुरुआत तक पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी मत-कुरुक्षेत्र में जाएंगे। दक्षिण के राज्यों पर बिहार में एनडीए की हार-जीत का कोई असर पड़े-न-पड़े, पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव नतीजों पर इस का सीधा असर दिखाई देगा। बिहार अगर एनडीए की झोली में बरकरार रहता है तो पश्चिम बंगाल की विधानसभा में भाजपा की मौजूदा 65 सीटों में ख़ासा उछाल आने के आसार बढ़ जाएंगे। लेकिन बिहार अगर उस के दामन से छिटक जाता है तो बंगाल में उस की सीटें आधी हो जाने का खतरा सामने है।

असम में भी भाजपा और उस के सहयोगी दलों के गुलाबीपन पर बिहार के नतीजे बेतरह असर डालेंगे। असम में अभी भाजपा की 64 और सहयोगी दलों की 19 सीटें हैं। बिहार में भाजपा-जदयू की जीत इस बहुमत को कमोबेश बरकरार रख सकती है, लेकिन बिहार की हार असम में भाजपा के सहयोगी दलों का क़रीब-क़रीब सफ़ाया ही कर देगी और भाजपा की सीटें भी 50 के आसपास सिमटने की आशंका सामने खड़ी हो जाएगी।

तमिलनाडु, केरल ओर पुदुचेरी के चुनावों पर बिहार के परिणामों का प्रत्यक्ष असर भले ही दिखाई न दे, मगर परोक्ष प्रभाव की हिलोरें तो अगले साल वहां भी देखने को मिलेंगी। तमिलनाडु में भाजपा के अभी भले ही सिर्फ़ चार विधायक हैं, मगर यह भूलना ठीक नहीं होगा कि एनडीए समूह के पास 234 के सदन में 74 सीटें हैं। भाजपा पिछले कुछ वर्षों से तमिलनाडु पर ख़ास ध्यान दे रही है। केरल में भाजपा-एनडीए कहीं नहीं हैं, लेकिन पुदुचेरी में तो एनडीए की सरकार है। वहां भाजपा के अपने 6 विधायक भी हैं। 33 सदस्यों वाली पुदुचेरी विधानसभा का पेंडुलम बिहार के परिणामों से अपनी ताल मिलाएगा।

2026 में होने वाले पांच प्रदेशों के चुनाव नतीजों का 2027 में होने वाले छह राज्यों पर इसलिए चक्रवृद्धि ब्याज जैसा असर पड़ेगा कि तब फरवरी के मध्य से साल के अंत तक गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोआ में चुनाव होंगे। दिसंबर में गुजरात के चुनाव आने से पहले साल की पहली छमाही में ही बाकी पांच राज्यों के चुनाव निपट चुके होंगे और इन में से तीन के परिणाम गुजरात का भविष्य भी लिखने का काम करेंगे। बिहार में अगर भाजपा-जदयू जखूमी हो गए तो निश्चित मानिए कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा में भाजपा 258 सदस्य ले कर तो किसी भी कीमत पर नहीं लौट पाएगी। उस के विधायकों की तादाद अगर आनुपातिक तौर पर घटी तो डेढ़ सौ के आसपास रह जाएगी। ऐसे में समाजवादी पार्टी पौने दो सौ के क़रीब पहुंच जाएगी। कांग्रेस के उत्तर प्रदेष में अभी महज़ दो विधायक हैं, लेकिन बिहार में अगर प्रतिपक्ष की लहर चल पड़ी तो कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश के आसमान में भी आस के बादल पहले से तो ज़्यादा पानीदार हो ही जाएंगे। बिहार अगर जस-का-तस रहा या भाजपा के लिए अब से भी बेहतर हो गया तो मान कर चलिए कि समाजवादी पार्टी का, जो हो, सो हो, कांग्रेस के लिए तो आगे की राह और दुर्गम हो जाएगी।

उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हमराही-सा ही साबित होगा। बिहार में एनडीए की हार से अगले चुनाव में वहां कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं ठोस हो जाएंगी। सांगठनिक कुव्यवस्थाओं और कांग्रेसी नेताओं की आपसी तूतूमैंमैं के बावजूद पिछली बार वहां कांग्रेस के 20 विधायक जीत कर आ गए थे तो बिहार में विपक्षी कलगी ऊंची होने पर उस की सीटें दुगनी हो जाना असंभव नहीं है।

पंजाब में भाजपा अभी नहीं के बराबर है। उस के सिर्फ़ दो विधायक हैं। बावजूद इस के कि आम आदमी पार्टी के 93 विधायकों का जन्म तुक्के के गर्भ से हुआ है, भाजपा के लिए पंजाब के आसार बिहार का कोई भी चुनाव परिणाम न तो उजले कर सकता है, न धुंधले। उजले होंगे तो भी उस की सीटें कितनी हो जाएंगी। दो से चार, आठ, बारह धुंधले होंगे तो दो से नीचे कहां जाना है। हां, बिहार का नतीजा अगर प्रतिपक्ष की तरफ़ गया तो 2027 के पंजाब-चुनाव में कांग्रेस बड़ी भूमिका में आ जाएगी। अभी उस के 16 विधायक हैं। आम आदमी पार्टी से हताशा इस संख्या को सरकार बनाने लायक बहुमत के आसपास भी पहुंचा सकती है।

गुजरात के चुनाव उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के नतीजे आने के छह महीने बाद होंगे। सो, इन तीनों प्रदेशों के नतीजों का गुजरात पर एकदम सीधा असर पड़ेगा। घनघोर सेंधमारी की सियासत का शिकार होने के बाद वहां कांग्रेस के अब 12 विधायक ही बचे हैं। हो सकता है कि अगले चुनावों से पहले उन्हें भी भाजपा लील जाए। अगर ऐसा हुआ तो भी गुजरात में अकेली कांग्रेस ही इस स्थिति में रहेगी कि भाजपा की अभी की 162 सीटों को अपने कलाजंग दांव से पटकनी दे कर 90 की संख्या से नीचे ला फेंके। आम आदमी पार्टी के बूते की यह बात नहीं है। वह अपनी बेहतर-से-बेहतर स्थिति में भी एक दर्जन सीटों का आंकड़ा पार करने की कूवत, 2027 में तो क्या, 2037 में भी हासिल नहीं कर पाएगी। इसलिए गुजरात में भाजपा का विकल्प, जब बनेगी, कांग्रेस ही बनेगी।

2027 के जुलाई में राष्ट्रपति पद के लिए भी चुनाव होंगे। तब तक बिहार समेत 12 प्रदेशों के नए सियासी समीकरण आकार ले चुके होंगे। प्रादेशिक राजनीतिक संरचनाओं में अगर कोई बड़े उलटफेर हो गए तो वे राष्ट्रपति के चुनाव पर भी असर डाले बिना नहीं रहेंगे। अगर नरेंद्र भाई अगला राष्ट्रपति बनना चाह रहे होंगे तो इस लिहाज़ से भी बिहार से बहने वाली बयार अहम साबित होने वाली है। अगर वे राष्टपति नहीं बनते हैं तो उन्हें अगला प्रधानमंत्री चुनने-न-चुनने के लिए 2029 में होने वाले चुनाव से पहले 2028 में 10 प्रदेशों के विधानसभा चुनाव होंगे और 2029 में मई-जून तक 4 प्रदेशों के। 2029 में कुल 8 प्रदेशों में चुनाव होंगे, मगर उन में से बाकी के 4 अक्टूबर से दिसंबर के बीच चुनावों में जाएंगे। सो, बिहार पर भाजपा और नरेंद्र भाई का नसीब निर्भर है।

# बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा की मिलेगी गारंटी

//कमलेश पांडे //

**बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025, कई मायने में राष्ट्रीय और सूबाई राजनीति को प्रभावित करेगा, क्योंकि 2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तरप्रदेश में भी विधान सभा चुनाव होने हैं। यही नहीं, पूर्वी भारत की सुरक्षा को भी यह चुनाव सुनिश्चित करेगा। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की रीति-नीति, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का अंतर्कलह और मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज द्वारा उठाए हुए मुद्दे गहरा असर डालेंगे।**

वहीं, एआईएमआईएम और अन्य छुटभैये दलों की कोशिशें मतदाताओं के मनोमिजाज पर क्या रंग जमाएंगी और अपने साइलेंट मतदान ट्रेंड से वो क्या गुल खिलाएंगे, इसका पता तो 14 नवंबर को ही पता लग पायेगा, क्योंकि राजनीतिक रूप से यह प्रदेश बहुत ही जागरूक प्रदेश है। महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे आम बिहारियों के दिल मे अब सामाजिक न्याय से भी ज्यादा हिंदुत्व की लहरें उफान मार रही हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस्लामिक देशों और चीन-अमेरिका के सहयोग से बनने वाले ग्रेटर बंगलादेश से शांतिप्रिय बिहार भविष्य में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मूकश्मीर की तरह ही युद्ध भूमि भी बन सकता है।

बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है। इसलिए विकसित, समृद्ध और ज्ञान की संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार वासी कुछ ठोस व कड़ा निर्णय भी ले सकते हैं। उन्हें पता है कि इंडिया गठबंधन के राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, वीआईपी, वामपंथी दलों की विचारधारा भी पाकिस्तान-बंगलादेश की सरकारों से काफी मिलती जुलती है। इसलिए यदि इन्हें नहीं रोका गया तो संभव है कि भविष्य में ये लोग बिहार को भी उसमें शामिल करवा दें।

ऐसा इसलिए कि टीवी स्क्रीन और सोशल मीडिया पर इंडिया गठबंधन के नेताओं के जो हिन्दू विरोधी बयान और कार्यप्रणाली सामने आती रहती है, इससे बिहार के मतदाता अपने राज्य के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। बीते वर्षों में उन्होंने महसूस किया है कि राज्य में जंगलराज (2000-2005) का पर्याय बन चुका राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का कुनबा और उनके सरदार तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री जनता दल यूनाइटेड के नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से ब्रेक के बाद सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इसबार ऐसा रणनीतिक मतदान किया जाए कि ऐसी किसी सियासी बात की संभावना भी नहीं बचे। बिहार से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सूबे में भाजपा के अलावा जनसुराज का प्रदर्शन अच्छा हो सकता है, क्योंकि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की कारगुजारियों से प्रबुद्ध बिहारी बहुत ही नाराज चल रहे हैं और ग्राम स्तर पर वह नए बिहार का निर्माण करने के लिए एक मुहिम चला रहे हैं। यह गैर धार्मिक और गैर जातीय मुहिम है, जिसका मकसद बिहार के विकास और किसी भी अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र से बिहार की सुरक्षा की बात उनके एजेंडे में है। यही वजह है कि राष्ट्रवादी भाजपा और उसके सहयोगियों के अलावा जनसुराज के प्रत्याशियों की ओर वे करवट ले रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि आपसी दांवपेंच से परेशान एनडीए के नेताओं और बिखरे या कई सीटों पर आपस में ही नूराकुश्ती करने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलावा जो नया विकल्प मौजूद है, उसे ही इस बात मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी मिलने लायक जनसमर्थन दे दिया जाए, इससे राष्टवादी सरकार के बनने और जनहित के मुद्दे पर उसे सक्रिय करने की गारंटी मिल जाएगी। इसलिए सच कहूं तो राजनीतिक अहंकार और बुद्धिजीवियों की बिखरी टंकार के बीच बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की चुनावी लड़ाई दिलचस्प होने जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा, बुद्धिजीवियों की निर्दलीय और सर्वदलीय राजनीतिक मुहिम तेज होती जाएगी। सीट बंटवारे में जो कलह दिखाई दी, उसके पीछे भी इन्हीं बुद्धिजीवियों के हाथ की खबरें हैं। खासकर कांग्रेस के लिए नई राजनीतिक जमीन तैयार करने वाले बुद्धिजीवी तो इस बात पर अड़े हुए हैं कि किसी भी कीमत पर अपने दूरगामी राजनीतिक हितों से समझौता नहीं करना है। इससे स्पष्ट है कि यूपी में जो गलती 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव किये थे, 2025 में वही गलती दुहराकर तेजस्वी यादव भी सियासी रूप से अप्रासंगिक हो जाएंगे। स्पष्ट है कि बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा दोनों की गारंटी मिलेगी।

## बिहार में विधानसभा चुनावों से प्रशांत किशोर को क्या उम्मीद है

बिहार विधानसभा चुनावों में पहली बार भाग ले रही जनस्वराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर ने अमेरिका के एक टी वी चैनल ष्टहृह को बताया कि वह इस चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव छह और ग्यारह नवंबर 2025 को होने वाले हैं। 243 सीट की बिहार विधानसभा में मुख्य मुकाबला NDA और INDIA ब्लॉक के बीच है। वर्तमान में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली NDA सरकार है।2020 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और जेडीयू,हम, लोकजनशक्ति, साथ हो कर चुनाव लड़े थे। भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक 74 सीट जीती थी जबकि जेडीयू ने 47 , राजद और कांग्रेस का महागठबंधन बहुमत से दूर रहा था।अब बात करते हैं प्रशांत किशोर की वे देश में लाइम लाइट जब आए तब 2014 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत मिला।और प्रशांत किशोर का नाम चुनाव विशेषज के रूप में सामने आया। प्रशांत किशोर बिहार के सहरसा जिले के रहने वाले हैं और इससे पहले विदेश में थे। प्रशांत किशोर ने लगभग अरविन्द केजरीवाल की तरह राजनीति में प्रवेश किया।वे भी बिहार में रोजगार, पलायन,भाईभतीजाबाद, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। बिहार विधानसभा की सभी 243 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन खुद उम्मीदवार नहीं हैं। बिहार में आजादी के बाद से ही जातिवाद, क्षेत्रवाद, नौकरशाही, जैसी राजनीतिक कुरीतियां का जन्म हुआ लेकिन 1977 तक कांग्रेस सत्ता में बनी रही थी। 1977 में कर्पूरी ठाकुर नेता बनकर आए और मुख्यमंत्री बने उनके बाद भी कांग्रेस फिर सत्ता में आई,। जगन्नाथ मिश्र,भागवत झा आजाद मुख्यमंत्री बने ।1989 में जनतादल से लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बने उनका जादू 2004 में खत्म हुआ।

प्रशांत किशोर पहली बार पलायन, गरीबी, बेरोज़गारी, जैसे मुद्दे नहीं उठा रहे हैं बल्कि लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार भी यही कहते हैं लेकिन बिहार से पलायन कभी नहीं रुका है यह तो आजादी से पहले से जारी है। क्योंकि बिहार की परिस्थितियों का अध्ययन करे तो पाया जाता है कि जातिगत शोषण एक विकराल समस्या है। बिहार में एक तबका जिसमें क्षत्रिय, भूमिहार, ब्राह्मण, और बनिया है जिसका सभी संसाधनों पर कब्जा है तो दूसरी ओर मुसलमान और यादव है जो बाहुबली है ।अब कुर्मी, निषाद,पासवान,अन्य अनुसूचित जाति है जो मजदूर और खेतिहर मजदूर भी है।ये ही लोग पहले बंगाल,अब मुंबई, दिल्ली की ओर भारी संख्या में जा बसे हैं। दिल्ली में तो पचास लाख बिहारी है जो रोजमर्रा का काम करते हैं जैसे ढकेल चलाना,रेडी, खोमचे वाले, ई रिक्शा, ऑटो इन्हीं के हवाले हैं जहां उन्हें रोजगार भी है और स्वाभिमान भी । प्रशांत किशोर चाहते हैं कि सरकार बिहार ऐसा बुनियादी ढांचा बनाए कि पलायन रुके ।

## तस्वीरों की दुनिया





केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री पीयूष गोयल नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जीएसटी बचत उत्सव पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।





केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जीएसटी बचत उत्सव पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुई।



केंद्रीय रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह लखनऊ, उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच के ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए।



गृह मंत्रालय के सचिव, श्री गोविंद मोहन नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित भगोड़ों के प्रत्यर्पण - चुनौतियों और रणनीतियों पर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान एक समूह तस्वीर में।



गृह मंत्रालय के सचिव, श्री गोविंद मोहन नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित भगोड़ों के प्रत्यर्पण - चुनौतियों और रणनीतियों पर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नवा रायपुर स्थित नवीन शासकीय आवास के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ट्रंप की तानाशाही के खिलाफ पूरे अमेरिका में विरोध प्रदर्शन

## वाशिंगटन में यूएस कैपिटल की तरफ बढ़ी भीड़

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हर तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में रैलियां आयोजित की जा रही हैं। ट्रंप की तानाशाह प्रवृत्ति और लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों को देखते हुए प्रदर्शनकारियों ने इस रैली को नो किंग प्रदर्शन नाम दिया है।शनिवार को वाशिंगटन, न्यूयॉर्क सिटी, बोस्टन, शिकागो, अटलांटा, ह्यूस्टन आदि में शहरों करीब 2600 से अधिक रैलियों बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। रैलियों में लाखों लोगों के उमड़ने की उम्मीद की जा रही है। ट्रंप के विरोध में अमेरिका ही नहीं, कुछ बाहरी देशों की राजधानियों में भी प्रदर्शन की योजना है। इससे पहले जून में नो किंग प्रदर्शन हुए थे। ये रैलियां ट्रंप प्रशासन द्वारा राष्ट्रपति के अनुमानित राजनीतिक विरोधियों पर आपराधिक मुकदमों, देशव्यापी आव्रजन छापों और अमेरिकी शहरों में नेशनल गार्ड भेजने के खिलाफ आयोजित की जा रही हैं। वाशिंगटन में प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ को यूएस कैपिटल की तरफ झंडे बैनर और गुब्बारे लेकर जाते देखा गया। लोगों ने खुद और अपने कुत्तों को तरह-तरह की पोशाकें पहना रखी थीं। बैनर पर लिखा था- ट्रंप पर फिर से महाभियोग चलाओ।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम लोकतंत्र के समर्थन में हैं और जो उचित है उसके लिए लड़ने को तैयार हैं। हम अधिकारों की अत्यधिक पहुंच के खिलाफ हैं। डाउनटाउन ह्यूस्टन में एक पूर्व अमेरिकी मरीन कार्प्स फौजी डैनियल गामेज ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। गामेज इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में सेवाएं दे चुके हैं। दस महीने पहले ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से, उनके प्रशासन ने आव्रजन प्रवर्तन को बढ़ा दिया है, संघीय कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है और गाजा में इजरायल के युद्ध के खिलाफ फलस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शनों, जातीय और नस्लीय विविधता और ट्रांसजेंडर एथलीटों जैसे कैंपस विवादों को लेकर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान में कटौती की है।

# अयोध्या में आज बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड 29 लाख दीयों से जगमग होगी रामनगरी

**अयोध्या, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अयोध्या में दीपोत्सव से पहले ही विश्व रिकॉर्ड बनने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को सरयू नदी के तट पर आयोजित सरयू आरती में 21,000 से अधिक लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी निश्चल बरोट ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिभागियों की गिनती क्यूआर कोड स्कैनिंग के जरिए की गई, जिसमें 2,100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जो पिछले 1,774 के रिकॉर्ड को तोड़ता है। इस रिकॉर्ड की आधिकारिक घोषणा रविवार को मुख्यमंत्री के सामने मंच पर की जाएगी।

रविवार को रामनगरी अयोध्या में नौवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन होगा, जिसमें 29 लाख दीये जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। राम की पैड़ी पर 56 घाटों पर 30,000 स्वयंसेवकों ने 29 लाख दीये सजा दिए हैं। गिनीज बुक की टीम ने ड्रोन की मदद से इन दीयों की गिनती पूरी कर ली है। इस आयोजन में 26 लाख 11 हजार 101 दीये जलाकर पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जाएगा।दीपोत्सव की तैयारियों में स्वयंसेवकों का उत्साह चरम पर



है। रविवार सुबह से दीयों में तेल और बाती डालने का काम शुरू होगा। इस भव्य आयोजन के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया है, और यह दीपोत्सव न केवल आध्यात्मिक उत्साह बल्कि विश्व स्तर पर अयोध्या की पहचान को और मजबूत करेगा। राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि वर्ष 2017 में पहली बार एक लाख 71 हजार दीपक जलाए गए थे। इस दीपोत्सव 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। पहले से नौवें संस्करण तक दीयों की संख्या में करीब 15 गुणा तक वृद्धि हुई है। यह आस्था और प्रभु श्रीराम के प्रति सम्मान का परिचायक है। सरयू घाट पर 21 सौ वेदाचार्य महाआरती करेंगे। अयोध्या में सितारे जमीन पर उतरेंगे। 11 सौ ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत करेंगे, जिसमें स्वदेशी ड्रोन के माध्यम से जय श्रीराम, धनुषधारी राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमानजी, रामसेतु और राममंदिर मनमोहक आकृतियां शामिल होंगी।

दीपोत्सव एआर एप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है। एप का डिज़ाइन इस तरह तैयार किया गया है कि हर आयु वर्ग के उपयोगकर्ता इसे सहजता से प्रयोग कर सकें। इस एप ने कहानी, श्रद्धा और नवाचार तीनों को जोड़ते हुए अयोध्या को जीवंत डिजिटल संसार में परिवर्तित किया है। वहीं, दुनिया के किसी भी कोने में बैठे लोग वर्चुअल दीपदान से दीप जला कर उत्सव का हिस्सा बन सकते हैं। एप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग का विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की परिकल्पना की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। यह आध्यात्मिक धरोहर और नवाचार के संगम से युवाओं में गर्व, सहभागिता और सांस्कृतिक जुड़ाव की नई भावना जागृत करता है।

# नौसेना की ताकत बढ़ाएंगे तीन नए पोत चीन को पीछे छोड़ने को तैयार भारतीय नेवी



**कोच्चि, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

वायुसेना के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ चुका भारत अब नौसैनिक मोर्चे पर भी चीन को पीछे छोड़ने को तैयार है। जहाज बनाने वाली सरकारी कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने शनिवार को तीन अत्याधुनिक पोतों का एक साथ जलावतरण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इन पोतों में एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी), हाइब्रिड इलेक्ट्रिक मेथनाल-रेडी कमीशनिंग सर्विस आपरेशन वेसल (सीएसओवी) और देश का सबसे बड़ा ट्रेलर सक्शन हापर ड्रेजर, डीसीआई ड्रेज गोदावरी शामिल है।एक साथ तीन पोतों का जलावतरण जटिल जहाज निर्माण, टिकाऊ प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में भारत की बढ़ती क्षमताओं को रेखांकित करता है। सीएसएल ने कहा कि ये पोत मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और स्वदेशीकरण की प्रतिबद्धता का परिचायक है। आठ जहाजों की श्रृंखला में छठा जहाज है एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसीभारतीय नौसेना के लिए निर्मित एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी आठ जहाजों की श्रृंखला का छठा पोत है। ये पोत नौसेना के मौजूदा अभय श्रेणी के जलपोतों की जगह लेंगे। आईएनएस मगदाला के रूप में नौसेना में शामिल होने के बाद 78 मीटर लंबा यह पोत पानी के नीचे के सेंसर, हल्के टारपीडो, एएसडब्ल्यू राकेट और बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता के साथ तटीय पनडुब्बी रोधी ताकत बढ़ाएगा। डीसीआई ड्रेज गोदावरी भारत का सबसे बड़ा ड्रेजर है। 12,000 घन मीटर क इस पोत को रायल आईएचसी, नीदरलैंड के सहयोग से ड्रेजिंग कारपोरेशन आफ इंडिया के लिए विकसित किया गया है।

# चुनाव से पहले ही टूटकर बिखर जाएगा महागठबंधन! JMM ने पकड़ी अलग राह, कई सीटों पर आमने-सामने प्रत्याशी

**पटना, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।घटक दलों के बीच तनाव इस कदर है कि टूट की आशंका जाहिर की जा रही है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी गठबंधन से अलग हो चुकी है और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने छह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।अगर झामुमो अपने दावे पर कायम रहा तो 20 से अधिक सीटों पर एनडीए के बदले महागठबंधन के घटक दलों के बीच ही हो जाएगी। इधर कांग्रेस का आंतरिक असंतोष भी बाहर हो रहा है। पार्टी के दो पूर्व विधायकों-गजानन शाही और बंटी चौधरी ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी के अल्लाबारू पर आलाकमान को अंधेरे में रख कर पैरवी वालों को उम्मीदवार बनाने का आरोप लगाया



है। महागठबंधन में विवाद की शुरुआत बेगूसराय के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा के बाद हुई। 2024 के चुनाव में भाकपा यहां दूसरे स्थान पर थी। कांग्रेस ने उस चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे गरीब दास को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। भाकपा की त्वरित प्रतिक्रिया हुई। उसने कांग्रेस की सिटिंग सीट राजापाकर पर अपना उम्मीदवार उतार दिया। रोसड़ा में कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी।

भाकपा ने रोसड़ा के साथ बिहारशरीफ में भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी।इसके बाद राजद ने भी कांग्रेस के दावे वाली सीटों पर उम्मीदवार उतारना शुरू कर दिया। राजद ने कांग्रेस के कोटे की वारसलीगंज, वैशाली और लालगंज पर अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया है।

राजद कांग्रेस की अंदरूनी विवाद में फंसी सिंकदरा विधानसभा क्षेत्र पर भी दावा कर रहा है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी सिकंदरा से राजद उम्मीदवार हो सकते हैं।विवाद का असर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार की विधानसभा सीट कुटुंबा पर भी पड़ा है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान यहां से राजद उम्मीदवार हो सकते हैं।

# इजरायल पर हमले के जिम्मेदार हमास आतंकियों की तलाश अमेरिका में भी, एफबीआई चला रहा मिशन

**वाशिंगटन।** हमास की तरफ से इजरायल के खिलाफ लड़नेवालों की तलाश अमेरिका में भी जोरों-शोरों से चल रही है। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने एफबीआई को मार्च में उन लोगों को पकड़ने का काम सौंपा, जिन्होंने हमास का साथ दिया और सात अक्टूबर 2023 को इजरायल में घुसकर मारकाट मचाई। इनमें से ए आरोपित को गिरफ्तार करके लुइयाना राज्य की यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया। उस पर आरोप है कि उसने गाजा पट्टी जाकर हमास के लिए लड़ाकों को इकट्ठा किया और उन्हें हर तरह से सहयोग दिया।इसके बाद फर्जी वीजा के आधार पर अमेरिका चला आया। उसे पिछले साल भी गिरफ्तार किया गया था और इस साल भी पकड़कर अदालत में पेश किया गया है। एफबीआई एजेंट की शिकायत के आधार पर आरोपित की पहचान महमूद अमीन याकूप अल मुहतदी के तौर पर की गई है। वह गाजा स्थित नेशनल रेजिस्टेंट ब्रिगेड का सदस्य बताया गया है।

# सनातनियों की संगति से बचें, RSS और संघ परिवार से रहें सावधान, सीएम सिद्धरमैया बोले- ये करते हैं संविधान का विरोध




**मैसुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शनिवार को लोगों से सनातनियों की संगति से बचने तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और संघ परिवार से सावधान रहने की अपील की। सिद्दरमैया ने कहा कि आरएसएस और संघ परिवार ने ऐतिहासिक रूप से डॉ. भीम राव आंबेडकर और उनके द्वारा बनाये गए संविधान का विरोध किया है।मैसूर विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन करने और नये ज्ञान दर्शन भवन का लोकार्पण करने के बाद सिद्दरमैया ने कहा कि अपनी संगति ठीक रखें। उन लोगों से जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक परिवर्तन का विरोध करते हैं या सनातनियों के साथ हैं। हाल में चीफ जस्टिस (बीआर गवई) की ओर जूता फेंके जाने की घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सनातनी द्वारा प्रधान न्यायाधीश की ओर जूता फेंकना यह दर्शाता है कि समाज में अब भी सनातनी और रूढ़िवादी तत्व मौजूद हैं।

इस कृत्य की निंदा केवल दलितों को ही नहीं, बल्कि सभी को करनी चाहिए तभी हम कह सकते हैं कि समाज बदलाव की राह पर आगे बढ़ रहा है। आंबेडकर को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताते हुए सिद्दरमैया ने कहा कि आंबेडकर ने समाज को समझने के लिए ज्ञान अर्जित किया और जीवन भर समाज को बदलने के लिए इसका उपयोग किया। भाजपा और संघ परिवार पर आंबेडकर के नाम पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे झूठ फैला रहे हैं कि कांग्रेस ने चुनावों में आंबेडकर को हराया। लेकिन सच्चाई वही है जो आंबेडकर ने खुद अपने हाथ से लिखा था सावरकर और डांगे ने मुझे हराया। संघ परिवार के झूठ को उजागर करने के लिए ऐसी सच्चाई को समाज के सामने रखा जाना चाहिए।

## दिवाली से पहले व्यापारियों को राहत!

# जीएसटी 3बी रिटर्न दाखिल करने की बढ़ी तारीख, 5 दिन का मिला अतिरिक्त समय




**बड़ूही, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार के जीएसटी विभाग ने व्यापारियों और अकाउंटेंट्स को बड़ी राहत दी है। विभाग ने सितंबर की जीएसटी 3बी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर से बढ़ाकर अब 25 अक्टूबर कर दी है। इस निर्णय से प्रदेशभर के कारोबारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने राहत की सांस ली है। हिमाचल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों और अकाउंटेंट्स ने केंद्र सरकार व जीएसटी विभाग के इस फैसले का स्वागत किया है। अकाउंटेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों में मांगे शाह, गुरमुख सिंह, राकेश कुमार, सुनील कुमार शम्भू, यशपाल, शशि पुरी और व्यापार मंडल बड़ूही के प्रधान अश्वनी कुमार (रिंकी) ने कहा कि दीपावली का पर्व भारत वर्ष का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहार है, ऐसे में कारोबारियों पर त्योहार की तैयारी और बिक्री के कारण कार्यभार अधिक रहता है।यह फैसला व्यापारिक समुदाय की भावना को समझने वाला और व्यवहारिक कदम है। इससे जीएसटी रिटर्न भरने में आने वाली तकनीकी व समय संबंधी दिक्कतों से भी बचा जा सकेगा। जीएसटी पोर्टल पर अक्सर त्योहारों के दौरान अधिक लोड के कारण समस्याएं आती हैं, इसलिए अवधि बढ़ाने का यह निर्णय सराहनीय है।

# जम्मू-कश्मीर के मेडिकल कॉलेजों में बढ़ीं 110 नई पीजी सीटें, इस कॉलेज में सबसे ज्यादा 44



**जम्मू, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

एमबीबीएस की सीटों के बाद जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने विभिन्न विशेषज्ञताओं में 110 पीजी सीटों को मंजूरी दी है। सबसे अधिक 44 सीटें जीएमसी जम्मू की बढ़ी हैं। जम्मू-कश्मीर ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कुल 167 सीटों लिए आवेदन किया था लेकिन 110 सीटें बढ़ाने को ही मंजूरी मिली। जीएमसी जम्मू में 44 सीटें बढ़ी। इनमें एमडी रेडियोथेरेपी रेडिएशन आन्कोलॉजी में चारख एमडी मनोरोग में दो, एमडी बायोकेमिस्ट्री में चार, एमडी माइक्रो बायोलॉजी में चार, एमडी एनाटमी में चार, एमडी जनरल मेडिसिन में चार, एमडी इम्यूनो हेमेटोलाजी और ब्लड ट्रांसफ्यूजन में एक, एमएस जनरल सर्जरी में दो, एमडी फार्माकोलॉजी में चार, एमडी फिजियोलॉजी में एक, एमडी पैथोलॉजी में दो, एमडी प्रसूति एवं स्त्री रोग में चार, एमडी एनेस्थियोलॉजी में चार और एमडी पीडियाट्रिक्स में चार सीटें शामिल हैं। जीएमसीए अनंतनाग को 18 सीटें आवंटित की गई हैं जिनमें एमडी जनरल मेडिसिन में चार, एमएस ईएनटी में दो, एमडी एनेस्थिसियोलाजी में चार, एमएस जनरल सर्जरी में चार और एमडी पीडियाट्रिक्स में चार सीटें शामिल हैं। जीएमसी बारामुला में 10 सीटें बढ़ी हैं। इनमें एमएस ईएनटी में दो, एमएस जनरल सर्जरी में चार और एमडी पीडियाट्रिक्स में चार सीटें हैं।

जीएमसी कठुआ में 18 सीटें हैं जिनमें एमएस जनरल सर्जरी में तीन, एमडी बायोकेमिस्ट्री में दो, एमडी एनेस्थिसियोलाजी में तीन, एमएस ईएनटी में दो, एमडी पैथोलाजी में तीन, एमडी जनरल मेडिसिन में तीन, एमडी फार्माकोलाजी में दो और एमडी पीडियाट्रिक्स में दो सीटें शामिल हैं। जीएमसी राजौरी में चार सीटें बढ़ी हैं। सभी एमडी पीडियाट्रिक्स में मंजूर हुई हैं। जीएमसी श्रीनगर में 15 सीटें बढ़ी हैं जिनमें एमडी त्वचाविज्ञान और कुष्ठ रोग में दो, एमडी मनोचिकित्सा में चार, एमडी रेडियोथेरेपी आन्कोलाजी में चार, एमडी नेत्र विज्ञान में चार और एमडी श्वसन चिकित्सा में एक सीट शामिल है।शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान श्रीनगर में सात सीटें बढ़ी हैं जिनमें एमडी पैथोलाजी में चार और एमडी सामाजिक एवं निवारक चिकित्सा में तीन सीटें शामिल हैं।

# झारखंड निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दावेदारी की होड़

**रांची, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

राज्य सरकार के साथ-साथ राजनीतिक दलों ने भी प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऐसे में कांग्रेस के




कार्यकर्ता भी अपने-अपने स्तर से जुट गए हैं।कार्यकर्ताओं की तैयारी चुनाव लड़ने की है लेकिन अभी तक पार्टी का रुख स्पष्ट नहीं है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने से मना नहीं कर सकती और पार्टी उम्मीदवार भी नहीं दे सकती। दरअसल, राज्य में दलगत आधार पर चुनाव नहीं होने हैं।कार्यकर्ता अपनी बदौलत चुनाव मैदान में उतरेंगे। कई इलाकों में एक-दूसरे के सामने कार्यकर्ता अभी से ताल ठोक रहे हैं। इस लड़ाई में पार्टियां कमजोर पड़ रही हैं। ऐसे में पाटियों के सामने बड़ी चुनौती होगी अपने कार्यकर्ताओं को दल से बांधकर रखना।इधर, प्रदेश कांग्रेस की नई कमेटी को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है। नई कमेटी को सबसे पहले बगावत पर उतारू कार्यकर्ताओं को संभालने की चुनौती होगी।कई कार्यकर्ताओं ने अभी से ही पार्षद से लेकर मेयर तक के पदों पर अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। पार्टी इनमें से कुछ को सीधे समर्थन करने का मूड बना रही है और ऐसे कार्यकर्ताओं को चुनावी मदद के लिए अन्य लोगों को मनाने का काम किया जाएगा।

# गोरखपुर जीडीए ने निरस्त किया आवंटन अपना ताला जड़ चले गए आवंटी



**गोरखपुर, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सख्त रुख अपनाते हुए लोहिया एन्क्लेव आवासीय योजना फेज-1 और फेज-2 के कुल 24 फ्लैटों के आवंटन निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई उन आवंटियों के खिलाफ की गई है, जिन्होंने लंबे समय से बकाया धनराशि का भुगतान नहीं किया था। प्राधिकरण ने सभी संबंधित आवंटियों को 15 नवम्बर तक आवंटित भवन स्वयं खाली करने का निर्देश जारी किया है। उधर, आवंटन निरस्त होने की सूचना पर ज्यादातर आवंटी संबंधित फ्लैटों पर अपना ताला जड़कर कहीं अन्यत्र चले गए हैं। मौके पर नोटिस चस्पा करने गई टीम को आस-पास के लोगों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से दिखाई नहीं दे रहे। उधर, जीडीए के उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने चेतावनी दी है कि तय समय सीमा में कब्जा नहीं खाली करने पर सीलिंग और वसूली के साथ ही विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही सीलिंग और अन्य कार्रवाई पर होने वाला खर्च अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों से वसूला जाएगा। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि जीडीए की टीम ने बकायेदारों को नोटिस जारी करने के साथ ही फ्लैटों पर सार्वजनिक सूचना चस्पा कर दी है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में फ्लैट न खाली करने की स्थिति में सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। जीडीए की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, फेज-1 के एमआइजी 3 बीएचके ब्लाक संख्या 15/302, 30/301, 10/202 और 11/303, तथा फेज-2 के 02/एसएफ/303, 01/जीएफ/101, 07/जीएफ/104, 01/टीएफ/404, 03/एफएफ/204, 01/जीएफ/102, 06/टीएफ/403, 01/जीएफ/103, 03/जीएफ/104, 03/एफएफ/201, 01/एफएफ/201, 05/404, 06/204, 07/401, 08/टीएफ/403, 4/एफएफ/202, 06/एफएफ/203, 06/एसएफ/301, 11/एफएफ/203, 07/एसएफ/304 सहित कुल 24 फ्लैटों का आवंटन निरस्त किया गया है।

# ट्रांसफार्मर बेचने वाले एसडीओ और जेई निलंबित, चेयरमैन के निर्देश पर हुई जांच

**गोरखपुर, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

भटहट उपकेंद्र से 40 लाख रुपये का पावर ट्रांसफार्मर बेचने के मामले में एसडीओ राम इकबाल और जेई अजय सिंह को शनिवार रात निलंबित कर दिया गया। दोनों को आजमगढ़ के मुख्य अभियंता कार्यालय से संबद्ध किया गया है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने निलंबन का आदेश जारी किया। मामले की जांच विद्युत वितरण मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता डीके सिंह ने की है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हुई है।अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने का भी रास्ता साफ हो गया है। पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता तीन एमवीए थी। अभी कुछ अन्य पर भी कार्रवाई की जा सकती है।दैनिक जागरण ने आठ अक्टूबर के अंक में कर्मियों ने बेच दिया 40 लाख का ट्रांसफार्मर शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेकर बिजली निगम के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार को जांच कराने के लिए कहा था। विद्युत वितरण मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता डीके सिंह की अध्यक्षता में रासीनगर के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिषेक कुमार, विद्युत




भंडार खंड के एक्सईएन अमित कुमार और विद्युत माध्यमिक कार्यखंड के एक्सईएन सुजीत कुमार गुप्ता की जांच टीम का गठन किया।टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को कार्रवाई की संस्तुति की गई। इससे पहले अधीक्षण अभियंता डीके सिंह ने ही कैंपियरगंज में बिजली चोरी के मामले में दर्ज एफआईआर निरस्त करने की संस्तुति करने वाले एक्सईएन समेत अन्य अभियंताओं व कर्मचारियों के खिलाफ जांच की थी। तब कैंपियरगंज के एक्सईएन, एसडीओ व जेई को निलंबित कर दिया गया था। दो निविदाकर्मियों को बर्खास्त किया गया था। भटहट उपकेंद्र में वर्ष 2024 में तीन-तीन एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफार्मर लगे थे। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण तब दोनों ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ गया। इसे देखते हुए ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। नवंबर 2014 में तीन-तीन एमवीए के दोनों ट्रांसफार्मरों की जगह पांच-पांच एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए। उस समय दोनों तीन-तीन एमवीए के ट्रांसफार्मर अच्छी स्थिति में थे। इन्हे उपकेंद्र में रख दिया गया। कुछ वर्ष बाद पांच एमवीए के एक ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इस तरह तीन-तीन एमवीए के दो और पांच एमवीए क्षमता का एक पावर ट्रांसफार्मर भटहट उपकेंद्र में रख दिया गया। पिछले दिनों पता चला कि तीन एमवीए के एक ट्रांसफार्मर को बेच दिया गया है। बाजार में इसकी कीमत तकरीबन 40 लाख रुपये है।भटहट उपकेंद्र पर वर्ष 2014 में विद्युत माध्यमिक कार्यखंड के तत्कालीन जेई ने तीन एमवीए की जगह पांच एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाया था।

उस समय तैनात जेई वर्तमान में जिले में एसडीओ हैं। सूत्रों का कहना है कि तब पावर ट्रांसफार्मर हटाने के बाद उपकेंद्र में ही रख दिया जाता था। जरूरत के अनुसार उसे दूसरी जगह भेजा जाता था। बाद में तीन एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगने बंद हो गए तो एक ट्रांसफार्मर भटहट उपकेंद्र में ही रह गया।जांच टीम को ट्रांसफार्मर ले जाने का वीडियो और एक आडियो भी मिला। इसमें ट्रांसफार्मर ले जाने के समय एक कर्मचारी एसडीओ को फोन पर जानकारी दे रहा है। बताया जा रहा है कि यही आडियो वीडियो कार्रवाई का आधार बना।भटहट उपकेंद्र जिस जगह है उसके बाहर महराजगंज के श्यामदेउरवा थाने की कतरारी पुलिस चौकी है। यानी बेचने के लिए ट्रांसफार्मर पुलिस के सामने से ले जाया गया। उस समय बताया गया कि ट्रांसफार्मर कार्यशाला में भेजा जा रहा है। जबकि हकीकत यह थी कि ट्रांसफार्मर को बेच दिया गया था।

# महलपारा में सड़क के बीच गड्ढा बना परेशानी का सबब, राहगीरों को हो रही भारी दिक्कत

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से बिलासपुर-चिरमिरी मार्ग पर स्थित महलपारा क्षेत्र में सड़क के बीचों-बीच बना बड़ा गड्ढा लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। मुख्य मार्ग पर होने के कारण इस सड़क से प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन बीच सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गड्ढा कई दिनों से बना हुआ है, परंतु संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। इस गड्ढे में पानी भर जाने से खतरा और बढ़ गया है। दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलने से बचने के लिए सड़क के किनारे से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। निवासियों का कहना है कि सड़क मरम्मत के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है, जिसके चलते थोड़ी ही बारिश में सड़कें फिर से खराब हो जाती हैं।



गड्ढे के कारण न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि आसपास के दुकानदारों और पैदल चलने वालों को भी असुविधा झेलनी पड़ रही है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके और मार्ग पर सुचारू यातायात बहाल हो सके।

# अमन को सम्मानित किया क्षेत्र प्रबंधक चर्चा ने

## इंटर एरिया कंपटीशन में विजेता का पुरस्कार जीता

**चरचा कालरी।** गत दिवस कोरबा क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल इंटर एरिया बॉडी बिल्डिंग वेट लिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025 में पहली बार बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में चरचा कॉलरी के कर्मी मोहम्मद अमन रजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और क्षेत्र को गौरवान्वित किया।अमन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के समस्त खेलप्रेमियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपार हर्ष व्यक्त किया है। चरचा कालरी के क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार ने अमन को सम्मानित किया और इंटर कंपनी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना दी,अमन का चयन अब एसईसीएल की टीम में किया गया है, कोल इंडिया इंटर कंपनी बॉडीबिल्डिंग वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक किया जाएगा जो आगामी 14 से 16 अक्टूबर तक वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में



आयोजित होगी जहां अमन को एसईसीएल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा अमन की कड़ी मेहनत और लगन को देखते हुए पूरे क्षेत्र को पूर्ण विश्वास है कि अमन अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर उपलब्धियों के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने शालीनता का दिया संदेश, शासकीय वाहन से हटवाया हूटर

**कोरिया/बैकुंठपुर।** जनप्रतिनिधियों के आचरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है, इसी भावना को चरितार्थ करते हुए जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित पैकरा ने अपने शासकीय वाहन से हूटर हटवाकर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह कदम यह दिखाने के लिए उठाया कि जनसेवा का दायित्व निभाने के लिए दिखावे या विशेष सुविधाओं की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि शालीनता और सादगी से भी कार्यों को सुचारू रूप से किया जा सकता है।

मोहित पैकरा ने बताया कि प्रशासनिक और जनप्रतिनिधिक पदों का उद्देश्य जनता की सेवा करना है, न कि समाज में भय या विशेषाधिकार का भाव फैलाना। उन्होंने कहा कि हूटर जैसे प्रतीक आम जनता में यह संदेश देते हैं कि पद पर बैठे व्यक्ति स्वयं को आमजन से अलग समझते हैं। उन्होंने इस व्यवस्था को बदलने का संकल्प लिया है ताकि समाज में समानता, सादगी और शालीनता का वातावरण बने।

उनका यह कदम जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवहारिक विनम्रता का प्रतीक है। आमजन का मानना है कि इस



प्रकार की पहल से जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच की दूरी कम होती है तथा शासन-प्रशासन पर जनता का भरोसा और बढ़ता है। मोहित पैकरा ने यह भी कहा कि वह अपने कार्यों और निर्णयों के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि पद का गौरव सेवा में है, प्रदर्शन में नहीं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे भी अनावश्यक दिखावे से बचें और सादगी को अपनाएं।

राज्य में बढ़ती दिखावटी प्रवृत्तियों के बीच यह पहल एक प्रेरक उदाहरण बन सकती है। यह कदम न केवल प्रशासनिक मर्यादाओं को मजबूत करता है बल्कि लोकतंत्र के उस मूल भाव को भी जीवंत रखता है, जिसमें जनता सर्वोपरि होती है।

जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष की इस पहल से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है कि सम्मान और प्रभाव सादगी में भी निहित है। मोहित पैकरा का यह निर्णय निश्चित रूप से अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है और यह विश्वास दिलाता है कि सादगी और सेवा भावना से भी कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित किया जा सकता है।

***इस प्रकार मोहित पैकरा ने अपने इस छोटे से कदम के माध्यम से एक बड़ा सामाजिक संदेश दिया है—पद से नहीं, व्यवहार से बनती है पहचान।***

## पुलिस ने 40 लाख कीमत के मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपा

**सूरजपुर।** धनतेरस त्योहार के मौके पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने 40 लाख रूपये कीमत के 152 गुम हुए मोबाइल फोन को उनके मालिकों को वापस लौटाते हुए धनतेरस की बधाई दी। यह कार्रवाई पुलिस के गुम मोबाइल ढूंढने और बरामद करने के प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी फोन बरामद किए गए हैं। लोगों ने धनतेरस पर मोबाईल पाकर पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने धनतेरस के अवसर पर 40 लाख रुपये मूल्य के 152 गुम हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए हैं। यह कार्रवाई नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस वर्ष जिले में 450 से अधिक गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं इस अभियान में सायबर सेल व थाना-चौकी में गठित टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

## शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित दिवाली के लिए प्रशासन सतर्क-पटाखा दुकानों का किया जा रहा है निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में दिवाली पर्व के अवसर पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न स्थलों पर अधिकारियों द्वारा पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकान संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने, अग्निशमन यंत्र रखने तथा बच्चों एवं राहगीरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि दुकानें निर्धारित स्थान एवं समय सीमा के भीतर ही संचालित हों। जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण और सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत यातायात व्यवस्था, और आपातकालीन सेवाओं को भी सतर्क रखा गया है। इसके अलावा कलेक्टर जयवर्धन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित और खुशहाली पूर्ण माहौल में दीपावली मनाएं। सभी बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दें, और साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी ध्यान में रखें।

## विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

**एमसीबी।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के अवसर पर 15 अक्टूबर को लाहिड़ी शासकीय कॉलेज, चिरमिरी में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य टीम मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, आत्महत्या की रोकथाम के उपायों तथा भावनात्मक रूप से मजबूत बनने के सरल तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

## चार दिन से लापता बुजुर्ग, पलटन घाट में मिले सामान से अनहोनी की आशंका

**रामानुजगंज।** वाड्रफनगर निवासी 72 वर्षीय मोहम्मद कलामुद्दीन बीते बुधवार को विजय बस से रामानुजगंज आ रहे थे। दोपहर 2 बजे बस में सवार हुए कलामुद्दीन करीब 4 बजे जनपद पंचायत कार्यालय के सामने उतरे। उन्हें गोदरमाना स्थित अपने छोटे बेटे के घर जाना था, लेकिन इसके बाद से ही उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। गायब होने के अगले दिन परिजनों ने रामानुजगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बीते चार दिनों से परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे हैं। इसी बीच तीसरे दिन पलटन घाट में उनका गमछा, चश्मा और चप्पल बरामद हुआ, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। इन सामानों के मिलने के बाद अनहोनी की आशंका गहराने लगी है। परिजन पलटन घाट में डेरा डाले हुए हैं और लगातार खोजबीन में जुटे हैं। उनके बेटे इम्तियाज़ खान एवं मुस्ताक ने प्रशासन से गोताखोरों की मदद की गुहार लगाई है।

# वोकल फॉर लोकल अभियान को स्व सहायता समूह की दीदियों ने बनाया त्यौहार का हिस्सा

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि इस दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को अपनाते हुए वोकल फॉर लोकल अभियान को मजबूती दें। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता भी सुनिश्चित होगी।



इसी दिशा में बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत उन्नति महिला संकुल संगठन एवं देशभक्ति महिला संकुल संगठन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने दीपावली त्यौहार के लिए विभिन्न रंगों से सजे आकर्षक मिट्टी के दीपक, डिजाइनर दीये, सजावटी झूमर, शुभ-लाभ स्टीकर और अन्य घरेलू सजावट सामग्री तैयार की है।

दीपावली पर्व के लिए तैयार किए गए इन हस्तनिर्मित सजावटी उत्पादों की बिक्री के लिए बैकुंठपुर के मुख्य बाजार में विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक इन स्टॉलों से खरीदारी कर रहे हैं और दीदियों की मेहनत को प्रोत्साहित कर रहे हैं। वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करते हुए जिले के स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं। उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद न केवल घरों को रोशन करेंगे, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएंगे। प्रशासन ने भी आम नागरिकों से स्थानीय उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता देने और स्वदेशी अभियान में सहभागी बनने की अपील की है, ताकि हर घर की रौशनी में कोरिया की दीदियों की मेहनत और हुनर की चमक दिखाई दे।

## प्रगति वन महिला स्वयं सहायता समूह ने बनाए 7000 रंग-बिरंगे दिए

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित तरल, ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में पिछले 8 वर्षों से महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर लाया जा रहा कचरा खाद बनाने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इसके साथ ही सूखे कचरे का रीसाइकलिंग कर पर्यावरण हितैषी कार्य भी किया जा रहा है। इसी केंद्र में कार्यरत प्रगति वन महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पिछले 5 वर्षों से दीपावली के अवसर पर मिट्टी एवं गोबर से बनाए गए रंग-बिरंगे दीयों का निर्माण भी कर रही हैं, जो क्षेत्रवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। इस वर्ष दीपावली से पूर्व समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए दीयों की भारी मांग रही।

# संरक्षण के अभाव में हसदेव नदी का उद्गम स्थल उपेक्षा का शिकार, संरक्षण की आवश्यकता

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी कही जाने वाली हसदेव नदी आज उपेक्षा का शिकार होती जा रही है। यह नदी न केवल प्रदेश की जल व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है, बल्कि अनेकों जनजीवन और कृषि गतिविधियों का आधार भी है। किंतु विडंबना यह है कि इसके उद्गम स्थल की स्थिति आज भी बेहद दयनीय है। संरक्षण और संवर्धन के अभाव में यह ऐतिहासिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल धीरे-धीरे अपनी पहचान खोता जा रहा है।

हसदेव नदी का उद्गम कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र के समीप स्थित है। यह वही पवित्र स्थान है, जहां से निकलकर यह नदी छत्तीसगढ़ के कई जिलों से होकर बहती हुई महानदी में समाहित होती है। इस नदी का नाम ही हर्षदेव (हसदेव) से पड़ा है, जो प्राचीन काल से आस्था और समृद्धि का प्रतीक रही है। उद्गम स्थल के आसपास कभी घने जंगल, निर्मल झरने और हरियाली का विस्तार हुआ करता था, लेकिन आज वहां की स्थिति चिंताजनक हो चुकी है। संरक्षण के अभाव, अवैध अतिक्रमण और प्राकृतिक संसाधनों की अनदेखी के कारण नदी की धारा और उसके आसपास का पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हो रहा है।



गौरतलब है कि प्रदेश के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के प्रयासों से हर्षदेव उद्गम स्थल के पास हदेवेश्वर महादेव मंदिर का भव्य निर्माण कराया गया है। इस मंदिर में नियमित रूप से पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होते हैं, जिससे स्थानीय लोगों की आस्था इस स्थल से गहराई से जुड़ी है। किंतु धार्मिक दृष्टि से विकसित होने के बावजूद उद्गम स्थल का वास्तविक संरक्षण कार्य अब तक नहीं हो पाया है।

स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि हसदेव नदी के उद्गम स्थल को राजनीतिक दृष्टिकोण से परे रखकर एक पर्यावरणीय धरोहर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यह न केवल धार्मिक बल्कि पर्यटन और पारिस्थितिकी दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

इस स्थल के संरक्षण के लिए वन विभाग, पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर एक ठोस योजना बनानी चाहिए। वृक्षारोपण, जलस्त्रोतों की सफाई, सीमांकन और पथ निर्माण जैसे कदम उठाकर इसे एक पर्यावरण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। हसदेव नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा है। यदि इसके उद्गम स्थल की सुरक्षा पर अभी ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यह धरोहर इतिहास बनकर रह जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि सरकार, समाज और पर्यावरण प्रेमी मिलकर हसदेव उद्गम स्थल को संरक्षित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस प्राकृतिक विरासत का गौरव महसूस कर सकें।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

**रामानुजगंज।** थाना बसंतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसायकल चोरी कर बिक्री करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की कुल 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। जब्त मोटरसाइकिलों की अनुमानित कीमत लगभग 6.20 लाख बताई गई है। 17 अक्टूबर को थाना प्रभारी बसंतपुर को सूचना मिली कि ग्राम रूपपुर निवासी जगजीवन कुजूर एवं राजेश रवि चोरी की बाइक बेचने की फिराक में हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी जगजीवन को हिरासत में लिया। उसके पास से एक लाल-काली पल्सर बाइक बरामद हुई, जिसका वैध दस्तावेज आरोपी प्रस्तुत नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ में उसने बाइक चोरी की बात कबूल की और अन्य चोरी की बाइकों की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर अन्य आरोपियों राजेश रवि, सन्नी कुशवाहा, अनुराग यादव, सिया राम अगरिया, देवशरण, शिव चरण, राहुल प्रजापति, संदीप अगरिया और रंजन विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों की बाइकें बरामद की गईं, जिनमें बजाज पल्सर, यामाहा क्र15, टीवीएस अपाचे, हीरो पैशन प्रो और एचएफडीलक्स शामिल हैं। जगजीवन ने खुलासा किया कि वह चोरी की बाइकें विभिन्न व्यक्तियों को बेच चुका है, जिनसे बाइकें बरामद की गईं। सभी 11 मोटरसाइकिलें गवाहों के समक्ष विधिवत रूप से जब्त की गई हैं। जब्त बाइकों के संबंध में परिवहन कार्यालय और अन्य थानों को सूचना भेजी गई है ताकि पूर्व में दर्ज अपराधों से उनका मिलान किया जा सके। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सोनी, उपनिरीक्षक रघुनाथ सिंह मरावी सहित 10 पुलिसकर्मी शामिल रहे। आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही जारी है।

## चंगाई सभा में धर्मांतरण करा रहे तीन लोग गिरफ्तार, जुटी हुई थी 100 लोगों की भीड़

**अंबिकापुर।** चंगाई सभा के आड़ में धर्मांतरण कराए जाने के मामले में 3 आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अगर इस मामले में किसी और की संलिप्तता नजर आती है तो उसके खिलाफ भी अपराध दर्ज किया जाएगा। दरअसल मामला दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारता का है, जहां 2 दिन पहले हिंदू संगठन को सूचना मिली कि मोहल्ले में ईसाई समुदाय द्वारा चंगाई सभा किया जा रहा है और इसमें बड़ी संख्या में लोगों को बुलवाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। जिसके बाद हिन्दू संगठन के सदस्यों ने चंगाई सभा में पहुंचकर हंगामा कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले में पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया था। हिन्दू संगठनों के लोगों का आरोप था कि धर्म परिवर्तन के लिए करीब 100 से अधिक लोग इकठ्ठे हुए थे।

## छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया

**चिरमिरी।** सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में 9 वी के छात्रों को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया जिसके मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस अवसर पर सम्मानित पार्षदगण संजीत सिंह एवं मनीष खटीक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 9 दावेदारों ने ठोकी दावेदारी, पर्यवेक्षक ने की वन-टू-वन चर्चा

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बलरामपुर-रामानुजगंज जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को लेकर संगठन में हलचल तेज हो गई है। आल इंडिया कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक, नागपुर विधायक विकास ठाकरे एवं सह-पर्यवेक्षक, खुज्जी विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में बलरामपुर जिले के सभी 9 ब्लॉकों में जाकर संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से वन टू वन रायशुमारी की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कुल 9 नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। रायशुमारी के उपरांत पर्यवेक्षकद्वय रिपोर्ट तैयार कर उसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे, जिसके आधार पर नवंबर माह में बलरामपुर जिले को नया कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिलने की संभावना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में वर्तमान अध्यक्ष केपी सिंह देव शामिल हैं। जिनके नेतृत्व में विगत 8 महीना से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी का संगठन कार्य कर रहा है। इनके अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिहर प्रसाद यादव (वाड्रफनगर), जो जिला एवं ब्लॉक संगठन में कई पदों पर कार्य कर चुके हैं, और अधिवक्ता जितेंद्र गुप्ता (राजपुर) का नाम भी प्रमुखता से सामने आ रहा है। जितेंद्र गुप्ता कांग्रेस के सुलझे हुए युवा नेताओं में माने जाते हैं, जिनकी छवि स्वच्छ और बेदाग रही है। वे पूर्व पत्रकार एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से राजनीति की शुरुआत कर जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों पर रह चुके। अन्य नाम भी है जो प्रमुखता से आ रहे हैं बलरामपुर से विनोद तिवारी और संजीत चौबे ने भी आवेदन दिया है। संजीत चौबे युवक कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं और एक प्रभावशाली वक्ता माने जाते हैं। वहीं रामानुजगंज से अजय गुप्ता, जो वर्तमान जिला संगठन में उपाध्यक्ष है ने भी दावेदारी की है। वे नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुके हैं और उनकी पत्नी मधु गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। वाड्रफनगर के वरिष्ठ नेता मोनिष अब्दुल्ला, जो लंबे समय से संगठन में सक्रिय है।युवा नेता मिखाइल एक्का रामानुजगंज विधानसभा से टिकट की मांग भी कर चुके हैं, उन्होंने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। बलरामपुर से प्रेम सागर सिंह, जो कांग्रेस सेवा दल में सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूती देने का कार्य करते आ रहे हैं, ने भी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है। प्रेम सागर सिंह कांग्रेस संगठन के लिए समर्पित रूप से कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से कांग्रेस संगठन जिले में एक मजबूत, सक्रिय और सर्वस्वीकृत नेतृत्व खड़ा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में गुटबाजी समय-समय पर देखी जा रही है एवं कई बार शिकवा शिकायतों का दौर भी चल रहा है इसे समझा जा सकता है कि कांग्रेस में अंदर खाने बहुत कुछ अच्छा नहीं चल रहा है यदि कांग्रेस को आने वाले समय में मजबूती एवं दमदारी के साथ उपस्थिति दर्ज करना है तो गुट बाजी को पूर्णता खत्म कर एकजुटता से काम करना होगा। कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान निश्चित रूप से संगठन को मजबूत करेगा। कांग्रेस के साथ-साथ युवक कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, किसान कांग्रेस के द्वारा मजबूती के साथ जिले में संगठन की प्रभावकारी उपस्थित दर्ज करा रही है समय-समय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजन एवं धरना प्रदर्शन हो रहे हैं जिसमें कार्यकर्ताओं की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है परंतु गुटबाजी संगठन को कमजोर कर रही है।

## विधायक के घर चोरों का धावा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां चोरों ने भाजपा विधायक के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## खड़गवां में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण आयोजित

**एमसीबी।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत विकासखंड खड़गवां के जनपद पंचायत बीआरसीर भवन में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य टीम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार समस्त संकुल प्राचार्य, सीएसी एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का भी विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, जिला नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम - एनएमएचपी) ने किया। उनके साथ सहायक जिला नोडल अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक व भावनात्मक चुनौतियों को समझने के लिए प्रशिक्षित करना था। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन, आत्म-नियंत्रण, भावनात्मक संतुलन तथा आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. नम्रता ने कहा कि किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य समाज की नींव है। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों के व्यवहार और भावनात्मक परिवर्तनों को समझते हुए समय पर सहयोग और मार्गदर्शन दें।

## कफसिरप की बड़ी खेप के साथ 3 गिरफ्तार

**बलरामपुर।** बलरामपुर ज़िले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत वाड्रफनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश से आ रही एक इनोवा कार की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नगद राशि जब्त की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी के बनारस की ओर से एक लग्जरी इनोवा कार के ज़रिए प्रतिबंधित कफसिरप की तस्करी की जा रही है।

# जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

### ग्राम पंचायत पुरैना
कीर्तन कुमार बिंझवार — सरपंच
परसराम कौशिक — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत जर्वे
संतोष कंवर — सरपंच
शोभित राम — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत घाटाद्वारी
अमरीका बाई बिंझवार — सरपंच
गीता मौर्य — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत दमखाचा
सरिता बाई कंवर — सरपंच
रूपेश कुमार राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत तराईनारा
पवन सिंह कंवर — सरपंच
भूपेन्द्र सिंह — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत जामपानी
राधेश्याम मांझी — सरपंच
चैनू सिंह बिंझवार — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत साजापानी
रमसिलिया तंवर — सरपंच
परमानंद राजवाड़े — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत चिकनीपाली
भीम सिंह कंवर — सरपंच
पूर्णिमा कंवर — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत ओरई
सुलोचना — सरपंच
मो. फरीद अंसारी — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत ढोढ़ातराई
सीता धनवार — सरपंच
श्यामलाल कंवर — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत सलिहाभाठा
रामप्रसाद कंवर — सरपंच
गणेशराम बिंझवार — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत गाड़ापाली
संजय सिंह कंवर — सरपंच
ओमप्रकाश भास्कर — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत पठियापाली
त्रिवेणी कंवर — सरपंच
हरिशंकर पटेल — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत जुनवानी
ललीता बाई खरिया — सरपंच
लखन जायसवाल — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत दादरकला
मीना बाई — सरपंच
मो. शरीफ — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत ढनढनी
कन्हैयालाल बिंझवार — सरपंच
साधराम दीवान — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा
आनंद कुमार बिंझवार — सरपंच
वीरेंद्र किरण — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत संडैल
उषा धनंजय बिंझवार — सरपंच
राजेन्द्र खाण्डे — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत तरदा
गायत्री बाई — सरपंच
मीना राजवाड़े — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत कनकी
फुलबाई मांझी — सरपंच
लक्ष्मी नारायण राजपूत — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बेहरचुआं
द्रोपदी राठिया — सरपंच
बृजसिंह खरिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत खूंटाकुड़ा
रामेश्वर राठिया — सरपंच
कुलदीप कुमार — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत सुअरलोट
तेजश्वरी राठिया — सरपंच
कन्हैया राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत नवापारा ( रो. )
सूरज सिंह कंवर — सरपंच
हरिप्रसाद मरार — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत चैनपुर
सुशीला बाई राठिया — सरपंच
अनमोल राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत केराकछार
टिकेश्वर सिंह राठिया — सरपंच
श्रीमती आशा दिव्य — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बोतली
हेमचंद जगत — सरपंच
सियाराम यादव — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत सेंद्रीपाली
पन्ना लाल कंवर — सरपंच
नीतू गुप्ता — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत पीड़िया
श्रवण कुमार राठिया — सरपंच
पुरुषोत्तम राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बांधापाली
सावित्री बाई राठिया — सरपंच
सियाराम यादव — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत घिनारा
दीनानाथ राठिया — सरपंच
गोपी सिंह कंवर — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत केरवाद्वारी
रमीला बाई — सरपंच
हरिचरण खैरवार — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत नोनबिर्रा
यशोदा बाई कंवर — सरपंच
पूरन सिंह राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत पहाड़गांव
अमरीका बाई — सरपंच
प्रकाश देवांगन — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बुढ़ियापाली
उमेंद बाई — सरपंच
शिवलाल राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत नवापारा ( चे. )
छत्रपाल सिंह राठिया — सरपंच
फिरतूराम नगेसिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत रोगदा
सुंदरिया साव सिंह कंवर — सरपंच
प्रेमसिंह राजपूत — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बिरतराई
जलबाई रति सिंह कंवर — सरपंच
गणेशी कंवर — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत महोरा
मीना बाई बिंझवार — सरपंच
सूरज सिंह पैकरा — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत चिचोली
कुमारी बिंझवार — सरपंच
संवीत साहू — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत कोटमेर
मुकेश कुमार राठिया — सरपंच
रामदयाल पटेल — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत बड़मार
सुशीला राठिया — सरपंच
रामदयाल पटेल — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत चांपा
सेद कुमारी राठिया — सरपंच
विकास कुमार बरेठ — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत चोरभट्ठी
देवमोती राठिया — सरपंच
अरविंद सिंह — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत कल्गामार
नुरेश कुमार — सरपंच
अमित कुमार अग्रवाल — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत रामपुर
सुलोचना विजय राठिया — सरपंच
जागेश्वर सिंह प्रजापति — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत जोगीपाली ( रा. )
रूपकुंवर मांझी — सरपंच
भुनेश्वर सिंह राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत मदवानी
पद्मावती राठिया — सरपंच
देव सिंह राठिया — सचिव
विकासखंड करतला

### ग्राम पंचायत डोड़की
प्रमिला पैकरा — सरपंच
जगुल श्रीवास — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत कर्रानवापारा
डिगेश्वर सिंह कंवर — सरपंच
बिशोक सिंह सिदार — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत मानिकपुर
जयसिंह आयाम — सरपंच
शांतिदास मानिकपुरी — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत मुनगाडीह
प्रमीला कोराम — सरपंच
नेहा आनंद — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत नवापारा
उर्मिला पैकरा — सरपंच
सत्या सोनवानी — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत निरधी
छत्रपाल धनवा — सरपंच
रामकुमार टेकाम — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत नोनबिर्रा
पुष्पलता पोर्ते — सरपंच
मो. जाकिर हुसैन — सचिव
विकासखंड पाली

### ग्राम पंचायत परसदा
शिक्षा ध्रुव — सरपंच
शारदा यादव — सचिव
विकासखंड पाली

# अनहोनी टालने यूनिफॉर्म के साथ सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मी



**कोरबा।** फेस्टिवल सीजन में कोरबा शहर और इसके उपनगरीय इलाकों में चारों ओर चहल-पहल और रौनक दिखाई दे रही है। धनतेरस से लेकर दीपावली तक चलने वाले पांच दिवसीय पर्व के दौरान बाजारों में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। ऐसी भीड़भाड़ भरी परिस्थितियों में असामाजिक और शातिर तत्वों के सक्रिय होने की संभावना बनी रहती है। इन्हीं संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है।

शहर और आसपास के प्रमुख बाजार क्षेत्रों, बैंकों, एटीएम और आभूषण की दुकानों के आसपास यूनिफॉर्म के साथ सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस का उद्देश्य है कि किसी भी अप्रिय घटना या चोरी-छिनैती जैसी वारदात को पहले ही टाला जा सके। कोरबा नगर, अल्युमिनियम सिटी बालको नगर, कोलफील्ड क्षेत्र कुसमुंडा, दीपका, जमनीपाली, दर्री और कटघोरा सहित पूरे जिले में दीपावली पर्व की रौनक साफ दिखाई दे रही है। सरकारी और कॉरपोरेट दोनों सेक्टरों में पूंजी के तेज प्रवाह के कारण बाजारों में भारी मात्रा में खरीददारी हो रही है। इसके चलते धन के लेनदेन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे सुरक्षा चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। पुलिस विभाग ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की है। वहीं, कई व्यापारी संगठनों ने अपने प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की व्यवस्था की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर पुलिसकर्मियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। सभी को सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसाबादी में डीडी इंटरप्राइजेज के संचालक विकास अग्रवाल के निवास पर चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। चोरों ने उस समय करीब 30 लाख रुपये की रकम पर हाथ साफ किया था, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी यह मामला रहस्य बना हुआ है। पुलिस ने उस समय एक विशेष जांच टीम गठित की थी जिसने घटनास्थल से लेकर घंटाघर चौक तक लगे सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इस घटना के बाद से पुलिस ने त्योहारों के दौरान विशेष रूप से एहतियात बरतना शुरू किया है ताकि ऐसी कोई भी अनहोनी दोबारा न घट सके।

### कई क्षेत्रों को किया डायवर्ट



फेस्टिवल सीजन में भीड़ भाड़ बढ़ने से विभिन्न रास्ते पर समस्याएं हैं। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा से लेकर जल संसाधन विभाग के पावर हाउस रोड स्थित कैनाल और इसके आगे फ्लाई ओवर तिराहा तक बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए राताखार तिराहा, शनि मंदिर सीतामढ़ी क्षेत्र से रूट डायवर्ट किया गया है। याद रहे पिछले कई वर्षों से अक्टूबर शहर में यातायात को लेकर बनी हुई समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला खनिज न्यास से 9 करोड रुपए मंजूर किया गया है। इसके माध्यम से राताखार में कैनाल पर समानांतर पुल का निर्माण कराया जाना है इसके लिए सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## श्रम मंत्री देवांगन ने दी बधाई




**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम वाणिज्यिकर (आबकारी) एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, रूपचौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करी है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के के लिए डीबीटी के जरिए लगतार आर्थिक मदद की जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने दीवाली के मौके पर 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने स्थानीय उत्पाद से बने सामग्री का उपयोग करने का आह्वान किया है। खासकर उन्होंने कुम्हार समुदाय द्वारा निर्मित मिट्टी के दिये खरीदकर उनकी दीवाली का उत्साह दोगुना करने अपील की है। उन्होंने कहा कि रोशनी का पर्व दीपावली सबके लिए मंगलमय हो।

## पटाखा पीड़ितों को मिलेगा अस्पताल उपचार

**कोरबा।** प्रशासन और पुलिस ने दीपावली के मध्य नजर लोगों से अपील की है कि वह पटाखों का इस्तेमाल बेहद सावधानी के साथ करे। कई बार जरा सी लापरवाही बरतने पर लोगों को लेने के देने पड़ जाते हैं और फिर इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। लोगों को सतर्क करने के साथ दूसरे स्तर पर आवश्यक तैयारी की गई है। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर गोपाल कंवर ने बताया कि यूं तो हमारे यहां मरीज के लिए सातों दिन 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध है। फिर भी दीपावली के दौरान पटाखों से जलने वाले कैस आ जाते हैं इसलिए सीनियर और जूनियर दोनों डॉक्टर की ड्यूटी यहां लगाई गई है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com